लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 92, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 26.0° अधिकतम तापमान, 14.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05 : 44, सूर्यास्त 18 : 02

बरेली, रविवार, 18 फरवरी 2024

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश.....13

गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा

रामभद्राचार्य

गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।

पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद में एक सॉल्वर समेत दो अभ्यर्थी गिरफ्तार, बिजनौर से भी पकड़ा गया एक सॉल्वर

अमृत विचार : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शनिवार और रविवार को होने वाली इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि कैंट से छह को गिरफ्तार किया गया। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में चार लोगों अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा गया। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। मुरादाबाद के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह ठाकुरद्वारा के अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उसका साथी भी डिलारी के इगरा निवासी मनीष कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस आधार पर दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। पुलिस ने अविनाश, अभिषेक और मनीष को गिरफ्तार किया है।

बिजनौर के नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन

फरीदाबाद/नई दिल्ली। अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि सुहानी को सात फरवरी को एम्स में भर्ती कराया गया और 16 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। फरीदाबाद में जन्मी सुहानी, 2016 में एक पहलवान के जीवन पर बनी फिल्म 'दंगल' का प्रमुख चेहरा थीं जो अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती में दक्ष बनाता है।

कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- बोले-अगर ऐसी कोई बात होगी तो पहले मीडिया को बताएंगे
- उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ ने एक्स पर परिचय से हटाया कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं।

दिग्विजय ने अटकलों को बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे, क्या आपको लगता है कि ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़ेगा?

एक नजर

गर्भवती से गैंगरेप के बाद आग के हवाले किया

मुरैना (मप्र)। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

नोएडा। सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

19 मिनट की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

51.7 मी. लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें से सिर्फ चार मिशन ही असफल हुए हैं।

विकास केंद्रित होगा भाजपा का चुनाव अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा 370 सीटों पर कमल खिलाकर इसे डॉ मुखर्जी को समर्पित करेगी।

राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

कार सवार नाबालिगों ने कारोबारी को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दवा कारोबारी साइकिल से जा रहे थे बिठूर स्थित साईं मंदिर

अमृत विचार : नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।

किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए केंद्र सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।

पंधेर ने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने भी कहा कि सरकार को देश के लोगों को कुछ देने के लिए एक अध्यादेश लाना चाहिए।

एक नजर

परीक्षा को लेकर तीन ट्रेनों के किए स्टापेज

शाहजहांपुर। स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षार्थियों की सहुलियत के लिए रन थ्रू तीन ट्रेनों के स्टापेज किए गए। उन्होंने बताया कि डाउन लाइन की काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस, आनंदबिहार-पाटिलपुत्र जनसाधारण एक्सप्रेस और मुरादाबाद से लखनऊ के लिए स्पेशल ट्रेन चलायी गई। इन ट्रेनों का स्टापेज दो मिनट रखा गया था।

असंगठित मजदूर यूनियन का अधिवेशन आज

शाहजहांपुर। असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश सचिव आफताब अहमद ने बताया कि यूनियन का पंचम त्रिवार्षिक अधिवेशन रविवार 18 फरवरी को होगा। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में हनुमत धाम के पीछे एक मैरिज लॉन में आयोजित किया जाएगा। इसमें दौरान इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र मेहता मुख्य अतिथि रहेंगे।

एसपी से कार्रवाई की मांग

शाहजहांपुर। थाना पुवायां के गांव गुलौली निवासी साहब सिंह ने एसपी को भेजे गए पत्र में बताया कि वह सिमरनजीत सिंह मानपार्टी अमृतसर का सदस्य है। विपक्षी दल से जुड़े कुछ लोगों की ओर से उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस डर की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

कड़ी निगरानी में 10163 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 349 ने छोड़ी

तलाशी के लिए घंटों लाइन में लगे रहे अभ्यर्थी, प्रवेश पत्र चेकिंग ने छकाया, सभी केंद्रों पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। डीएम-एसपी समेत सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। प्रथम पाली में 5088 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 168 अनुपस्थित हो गए। जबकि दूसरी पाली में 5075 ने परीक्षा दी और 181 अनुपस्थित हो गए। प्रत्येक पाली में 5256 परीक्षार्थी आबंटित किए गए थे। इस तरह पहले दिन दोनों पालियों में पंजीकृत 10512 अभ्यर्थियो के सापेक्ष कुल 10163 परीक्षा में शामिल हुए और 349 अभ्यर्थी अनुपस्थित हो गए। रविवार को भी परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और अपरान्ह तीन से पांच बजे तक दो पालियों में होगी।

जिले में परीक्षा के लिए 11 केंद्र निर्धारित किए गए। डीएम उमेश प्रताप सिंह एवं एसपी अशोक कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला कोषागार से सुबह को प्रश्न पत्र कड़ी निगरानी में सभी केंद्रों पर पहुंचाए गए। सीसीटीवी की निगरानी में स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने पैकेट खुलवाकर प्रश्नपत्रों की गिनती कराई। शनिवार को प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से दो घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। इसलिए सुबह आठ बजे से अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। कुछ ई-रिक्शा से पहुंचे तो तमाम अभ्यर्थियों दोपहिया और चारपहिया वाहनों से केंद्र पर पहुंचते रहे। केंद्रों के गेट पर परीक्षार्थियों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जिनकी सुरक्षा कारणों से तलाशी लेकर और प्रवेश पत्र तथा परिचय पत्र आदि की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में बैठने की अनुमति दी जा रही थी। तलाशी कारणों से सभी को दो घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश थे। इससे अ

परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए कतार में खड़े अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

केंद्र पर अभ्यर्थियों को नियमों की जानकारी देता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र के गेट पर अभ्यर्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

इस्लामिया इंटर कॉलेज में कंप्यूटर मॉनीटर पर परीक्षा कक्षा की व्यवस्था देखते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

पेपर देने के बाद परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

दिनभर परीक्षा केंद्रों के भ्रमण पर रहे अधिकारी

डीएम-एसपी के अलावा नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय, एसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी बीएस वीर कुमार, एसडीएम समेत सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी को भटकने नहीं दिया गया। वहीं, केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। यह सिलसिला दोनों पालियों में चलता रहा। जब तक दोनों पेपर निपट नहीं गए, तब तक उच्चाधिकारी टेंशन में ही दिखे। सब कुछ शांतिपूर्वक निपटने के बाद ही अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जिले के इन कालेजों को बनाया गया केंद्र

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कालेज, इस्लामिया इंटर कालेज, आर्य महिला इंटर कालेज, द मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल, देवी प्रसाद इंटर कालेज, जनता इंटर कालेज, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली तथा फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया था।

अनसुलझी रही गणित की पहेली, रीजनिंग ने बढ़ाया हौसला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में युवकों के मुकाबले युवतियों की संख्या ज्यादा रही। दोनों पालियों में बड़ी संख्या में युवतियां अपने परिजनों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंच रही थीं। परीक्षा छूटने पर उनके चेहरे के भाव बता रहे थे कि सब कुछ आसान रहा। बातचीत में पता चला कि पेपर तो आसान था, लेकिन गणित ने कुछ हिसाब-किताब बिगाड़ दिया। अभ्यर्थियों ने बताया कि विभागीय, तर्क संगत और सामान्य ज्ञान के सवाल अधिक आसान थे। चूंकि माइनस मार्किंग होनी है, इसलिए अभ्यर्थियों ने सोच-समझकर प्रश्नों के उत्तर लिखे। कुल मिलाकर 60 से 70 फीसदी सवाल औसतन हल किए गए।

परीक्षा में अपेक्षा से कहीं अधिक सवाल सरल आए। तैयारी के हिसाब से सब कुछ ठीक-ठाक रहा। गणित के सवाल कुछ कठिन थे, लेकिन बाकी पेपर आसान रहा। समय भी खूब मिला। – नंदिनी, जलालाबाद

मैथ कठिन थी। हमेशा ही रही, सो यही पक्ष आज भी कमजोर रहा। बाकी प्रश्न आसानी से हल होते रहे। उम्मीद है कि कामयाबी मिल जाएगी। बहुत चिंता वाली बात नहीं कही जा सकती है। – **राखी, कलान**

तर्क संगत वाले सवाल आसान थे, इसलिए ये अच्छे नंबर दिलाएंगे, गणित कुछ कमजोर पहले से ही है, इसलिए सवाल भी कठिन ही लगे। उम्मीद पूरी है कि सफलता मिल जाएगी। – **दिव्या यादव**, कटरा

प्रतियोगी परीक्षा में आसान कुछ भी नहीं होता, जो पढ़ा हुआ आ जाए, तो सरल हो जाता है और जो पढ़ा हुआ न मिले, तो वही कठिन लगने लगता है। गणित के सवाल कठिन थे, बाकी ठीक रहा। – **तनु, कलान**

रीजनिंग से कहानी बन गई, जो सरल भी थी, बाकी विभागीय सवाल भी आसान थे। माइनस मार्किंग के कारण अनुमानित जवाब नहीं दिए जा सकते। 60 से 70 फीसदी पेपर हल हो गया है। – **रूबी देवी, मदनापुर**

करेंट अफेयर्स के सवाल अधिक हल करने पड़े, जो पढ़े हुए भी थे। वर्तमान में कहां-क्या हुआ, किसका उद्घाटन किसने किया, इस प्रकार के सवाल भी पढ़े हुए ही थे। पेपर आसान था। – **विजय कुमार**, तिलहर

पेपर सरल था, इतनी उम्मीद नहीं थी। हिंदी, रीजनिंग, सामान्य ज्ञान आदि के प्रश्न पढ़े हुए अधिक आए, इसलिए कोई दिक्कत नहीं हुई। हां, कुछ सवालों ने पसीना छुड़ा दिया। – **गौरव कुमार**, भावलखेड़ा

अजीत गुर्जर पुलिस विभाग से जुड़े सवाल अधिक पूछे गए। इसके अलावा सामान्य ज्ञान ने कुछ परेशान किया, रीजनिंग के सवाल आसान थे। – **अजीत गुर्जर, मदनापुर**

पेपर छूटा तो रोडवेज और स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर छूटने के बाद दोपहर साढ़े बारह बजे के बाद और शाम को साढ़े पांच बजे के बाद परीक्षा केंद्रों के आसपास, खासतौर पर शहर में मुख्य मार्ग के किनारे के कालेजों के बाहर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि यातायात व्यवस्थित करने के लिए इन केंद्रों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात थे, इसके बावजूद कुछ समय के लिए यातायात अवरुद्ध रहा। वहीं, पेपर देने के बाद गैर जनपदों से आए परीक्षार्थी घर वापसी के लिए रोडवेज और रेलवे स्टेशन पहुंचने लगे, जिससे दोनों जगहों पर भीड़ हा जाना स्वाभाविक रहा। बस और ट्रेन मिलने पर ही भीड़ छंटती नजर आई। रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर भी पुलिसबल तैनात रहा।

घर जाने के लिए रोडवेज बस अड्डा पहुंचे पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी।

पंजाबी समाज को चुनाव में चाहिए भागीदारी

▸▸ **बैठक में राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण सेठी ने रखी मांग, जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : पंजाबी समाज की बैठक में लोकसभा चुनाव में भागीदारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण सेठी ने कहा कि पंजाबी बहुत मेहनती और स्वाभिमानी कौम है। देश के विभाजन के बाद से अब तक पंजाबी समाज ने कभी कुछ भी नहीं मांगा। मगर अब पंजाबी समाज को भी राजनीति में आगे आने की जरूरत है।

राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि पंजाबी समाज ने जनसंघ के समय से भाजपा का तन-मन-धन से साथ दिया, और पार्टी के आदेश को ही सर्वोपरि माना है। अब समय आ गया है कि भाजपा को पंजाबी समाज के बारे में भी सोचना चाहिए। प्रदेश में पंजाबी समाज के 80 लाख से अधिक मतदाता हैं, जो भाजपा के समर्थक हैं। सेठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों को भागीदार बनाया जाए। इस संबंध में राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष समेत गृह मंत्री से भी मांग की जा चुकी है। प्रदेश महामंत्री धीरज चुग ने कहा कि जल्द ही प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर चुनाव में भागीदारी की मांग करेगा। बैठक में पंजाबी समाज के प्रेम कुमार राजन, चरणजीत मुतरेजा, प्रदेश मंत्री रोशन खरबंदा, यशपाल तनेजा, जगदीश माकन, यीशु साहनी, राजीव चुग, डॉ. आनंद प्रकाश, भारत सचदेव रहे।

REQUIREMENT FOR A PLAY SCHOOL
Opening shortly at Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
INVITES APPLICATIONS FOR
1. Principal
2. Teachers
3. Non Teaching Staff
Experience: Min. 2-3 years as Play School / Pre School / Nursery Teacher / Freshers may also send their CV with credentials within 15 Days.

Experience candidates are required to Send their CVs at following address:
Email I.D : admission@biu.edu.in Whatsapp No: +91-9799527611, +91-9105500404

REQUIREMENT FOR
TRAINERS/PROFESSIONALS FOR VOCATIONAL/HOBBY CLASSES
Opening shortly at Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
INVITES APPLICATIONS FOR TEACHERS/TRAINERS
1. Instrument Music (Vocal/Play)
2. Dancing (Traditional/Modern)
3. Painting/Creative Writing/Calligraphy
4. Arts & Crafts
5. Drawing

Min. 2-3 years experience as Hobby Trainer/Freshers; interested candidates may send their CV with credentials within 15 Days.
Send their CVs at following address:
Email I.D : admission@biu.edu.in Whatsapp No: +91-9799527611, +91-9105500404

PM SINCE 1988
Perfect Marble
Extn.
Wall & Floor Tiles • Sanitaryware
Wholesale & Retail

Nikhil Goyal
weber SAINT-GOBAIN
hindware italian collection
ITALAKE ABOVE YOUR IMAGINATION
REY infinite creativity
सौ फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
9258361138, 9997128529



ससुराल में रह रहे युवक की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या

रात में घर लौटने पर कार से उतरकर जाते समय दरवाजे पर हत्यारों ने दिया घटना को अंजाम, बदायूं के बिसौली कस्बे का मूल निवासी थे राजवीर

संवाददाता, शाहजहांपुर/ मिर्जापुर

संवाददाता : परौर इलाके के तालिकापुर गांव में शुक्रवार रात कार से उतरकर घर में जाते समय दरवाजे परएक युवक पर कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। युवक को तीन गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले तब तक हत्यारे मौके से फरार हो गए। इसका पता लगने पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने घटना के खुलासे को एसओजी समेत चार टीमें लगाई हैं। उधर, घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

मृतक राजवीर।

बदायूं जिले के कस्बा बिसौली के मोहल्ला शिव कॉलोनी के मूल निवासी राजवीर (37) शाहजहांपुर के परौर थाना क्षेत्र के गांव तालिकापुर ससुराल में रहने लगे थे। राजवीर के ससुर की मौत हो चुकी है। साला सुनील जलालाबाद के मोहल्ला याकूबपुर में रहता है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे राजवीर किसी काम से अपनी कार में बिसौली अपने घर गए थे। वहां से रात करीब 10:30 बजे तालिकापुर लौटे।

परिजनों के मुताबिक राजवीर कार खड़ी करके घर के मुख्य दरवाजे पर पहुंचे। तभी अचानक उनके ऊपर अज्ञात लोगों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। तीन गोलियां लगने वह मकान के दरवाजे के बाहर गिर गए। गोलियों की आवाज सुनकर उनकी पत्नी सोनी और सास चंद्रवती दौड़कर दरवाजे पर पहुंचीं। पत्नी सोनी ने दरवाजा खोला तो राजवीर खून से लथपथ बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़े थे। गोलियां चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए, जिससे कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। गांव वालों ने फौरन परौर थाना पुलिस को सूचना दी। एसओ सोनी शुक्ला देर रात घटना स्थल पर जा पहुंचीं और मृतक की पत्नी से घटना की जानकारी। फिर राजवीर को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, खबर मिलने पर राजवीर का साला सुनील रात में दो बजे जिला अस्पताल पहुंचे।

एसओ सोनी शुक्ला ने अधिकारियों को घटना की सूचना दी। इसके बाद एसपी अशोक कुमार मीणा और सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय भी मौके पर जा पहुंचे और मृतक की पत्नी सोनी, सास और साले सुनील से पूछताछ की। परिवार वालों ने कहा कि उनकी यहां किसी से कोई रंजिश नहीं है। उन्हें नहीं पता कि कौन राजवीर से किस बात की रंजिश रखता था। एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

घटना के बाद घर में विलाप करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर जांच करते एसपी अशोक कुमार मीणा व अन्य अधिकारी।

▸▸ **हत्या का कारण स्पष्ट नहीं**

▸▸ **एसपी ने घटना के खुलासे को पुलिस की तीन टीमें लगाईं**

बैंकों से लोन कराने का भी काम करते थे

राजवीर दो साल से अपनी पत्नी सोनी और दो बेटे दिव्यांश व सूर्यांश के साथ ससुराल तालिकापुर में रह रहे थे। उसके ससुर की मौत हो चुकी है। सास चंद्रवती साथ रहती थी। राजवीर की शादी पांच साले पहले हुई थी। वह दो भाइयों में बड़े थे। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। पिता मुलायम सिंह बदायूं में रहते है। राजवीर ससुराल में रहकर खेती देखता था। साथ ही बदायूं में बैंकों से लोन दिलाने का कार्य भी करता था। वह अपने घर बिसौली अक्सर जाता था। परिवार वालों का कहना है कि तालिकापुर गांव में किसी से रंजिश नहीं थी। बदायूं में किसी से रंजिश हो तो इस बारे में कुछ पता नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार वाले शव परौर ले गए।

सीने में लगी गोली पार निकल गई

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार राजवीर के शरीर में तीन गोलियां लगी थीं। एक गोली सिर, दूसरी पेट और तीसरी सीने में लगी। सिर में मारी गई गोली उसके गले में मिली। सीने पर मारी गई गोली पार निकल गई। सभी गोली 315 बोर की ताई जाती हैं।

> राजवीर बच्चों के साथ तालिकापुर ससुराल में रहते थे। वह बदायूं अपने घर गए थे और रात में ससुराल लौट आए। कार से उतरने के बाद मकान के दरवाजे पर पहुंचे तो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल पर जांच कर सबूत जुटाए हैं। एसओजी समेत चार टीमों को खुलासे के लिए लगाया गया है।
> – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

चरस समेत दो तस्कर गिरफ्तार

जलालाबाद, अमृत विचार : पुलिस ने शुक्रवार रात सराय साधौ तालाब के पास से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में संदीप गंगवार निवासी मोहल्ला बिल्लीगंज कस्बा व थाना कटरा और सनी कोरी निवासी मोहल्ला कोरियान कस्बा व थाना कटरा को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से 100-100 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

चर्चित मनीष हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **अदालत ने अर्थदंड भी लगाया 80 प्रतिशत धनराशि मृतक के उत्तराधिकारी को देने के निर्देश**

▸▸ **दो वर्ष पहले केरूगंज में ओमी होटल पर विवाद होने के दौरान मार दी गई थी गोली**

अमृत विचार : वर्ष 2021 में हुए शहर के चर्चित सीमेंट व्यापारी मनीष कपूर हत्याकांड मामले में सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 60 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला है। न्यायालय ने अर्थदंड की 80 प्रतिशत धनराशि वादी मुकदमा व मृतक के उत्तराधिकारी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर आवेदन करने पर बराबर-बराबर अंश में बतौर क्षतिपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मृतक मनीष कपूर।

घटना के बाद पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्त रूबल और मोहब्बत अली। (फाइल फोटो)

अभियोजन पक्ष के अनुसार 21 अक्तूबर 2021 की रात करीब नौ बजे चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी दिनेश वर्मा ने वादी मुकदमा रवि कपूर को सूचना दी कि मैं और आपका छोटा भाई मनीष कपूर दोनों लोग केरूगंज ओमी के होटल पर कुछ खाने-पीने आए थे। वहां पर विसरात रोड निवासी रूबल यादव पुत्र फूल सिंह यादव और तारीन बहादुरगंज निवासी मोहब्बत अली पहले से मौजूद थे। रूबल और मोहब्बत अली से किसी बात को लेकर मनीष की कहासुनी हो गई। दिनेश वर्मा और ओमी ने छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच मोहब्बत अली के ललकारने पर रूबल यादव ने तमंचे से मनीष पर फायर कर दिया। इससे मनीष मौके पर गिर गया और दोनों हमलावर मौके से भाग गए। इसके बाद रवि कपूर परिवार के अन्य लोगों के साथ घायल मनीष कपूर को लेकर प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर नहीं मिलने पर मनीष को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मनीष की मृत्यु हो गई। इसके बाद रवि कपूर की तहरीर पर पुलिस ने 24 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज की गई।

पुलिस ने ने अभियुक्त रूबल यादव उर्फ आकाश और मोहब्बत अली को गिरफ्तार कर लिया और रूबल के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा भी बरामद कर लिया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेज दिए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम की कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता भावशील शुक्ला के तर्कों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोष सिद्ध होने पर रूबल यादव व मोहब्बत अली को आजीवन कारावास की सजा और 60 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

गैंगस्टर के अभियुक्त को दो साल का कारावास

शाहजहांपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या पांच ने गैंगस्टर के अभियुक्त दो वर्ष की कारावास की सजा सुनायी है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि अभियुक्त सर्वेश निवासी हसौआ थाना निगोही के खिलाफ वर्ष 2022 में निगोही थाने में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचनाधिकारी ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। कोर्ट ने अभियुक्त सर्वेश को दो साल एक माह की कारावास की सुनाई है और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के गांव मिठौली निवासी भावना सिंह ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले गांव में प्रदीप सिंह के साथ हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से कार मंगाकर दो। यह बात भावना सिंह ने अपने परिजनों को बताई। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर 16 फरवरी को रात में तीन बजे ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और जलाने का प्रयास किया। वह ससुराल वालों के चंगुल से भागकर मायके गई। पुलिस ने पति प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

भाई के पास रह रहे युवक का शव शौचालय में मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला नई बस्ती रेती में एक युवक का शव शौचालय में मिला है। वह अपने भाई के यहां रह रहा था। वह यहां रहकर नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बड़े भाई सीतापुर गया थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कनपटी में चोट के निशान थे।

लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव दशरथपुर निवासी कुलदीप (27) के भाई अनिल कुमार रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती में किराए के मकान में रहते है। अनिल कुमार भूमि सरंक्षण कार्यालय में बाबू है। उनकी पत्नी सीतापुर में एक प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका है, जो सीतापुर में ही रहती है। कुलदीप अपने भाई के पास रहकर नौकरी के लिए कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार सुबह अनिल कुमार पत्नी के पास सीतापुर चले गए। कुलदीप घर में अकेला रह गया। अनिल के मुताबिक उन्होंने शुक्रवार रात आठ बजे कुलदीप को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मोहल्ले में अपने मित्र सुधीर वर्मा को फोन किया। सुधीर ने जाकर सुनील के घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। मगर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। इस बीच मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। सुधीर वर्मा लोगों के साथ मकान की छत से होकर जीने से नीचे उतरकर आए। उन्होंने देखा कि कुलदीप का शव शौचालय में पड़ा था। इसका पता लगने पर सुनील रात ही में पत्नी के साथ घर पहुंच गए। उन्होंने रामचंद्र मिशन थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला मौके पर जा पहुंचे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कनपटी में चोट के निशान पाए गए है।

10 साल से जलालाबाद के किसानों को शुगर फैक्ट्री लगने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : 10 साल पहले शुरू हुई जलालाबाद में शुगर फैक्ट्री लगाने की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। मगर किसानों को अभी भी शुगर फैक्ट्री लगने का इंतजार है।

यहां चीनी मिल की 103 एकड़ जमीन खाली पड़ी है। मिल लगने से तीन जिलों के हजारों किसान और आम लोगों को फायदा होगा, लेकिन 600 करोड़ की इस परियोजना पर लगा ग्रहण हटने का नाम नहीं ले रहा है। फैक्ट्री में सिर्फ गन्ना नहीं खरीदा जाना है, बल्कि 30 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन होना है। यहां 60 हज़ार लीटर एथनॉल बनाने का भी लक्ष्य है, लेकिन यह सभी कार्य अब कोरी कल्पना बनकर रह गए हैं।क्षेत्र के किसानों के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट कैमुना शुगर मिल को साल 2013 में उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी दी थी। गांव दहेना में फैक्ट्री लगना तय हुआ। मंजूरी के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार साल 2014 में शुगर मिल के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। इसके बाद भूमि पूजन हुआ था और 2016 तक 33 परिवारों को उनकी सुविधा के अनुसार मकान दिलाकर मिल के लिए कुल 103 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की गई।

> जलालाबाद में कोई फैक्ट्री बंद पड़ी हो इसकी फिलहाल मुझे जानकारी नहीं है। अब प्रकरण संज्ञान में आया है तो दिखवाया जाएगा। अगर फैक्ट्री नहीं चल पा रही है तो उसकी वजह का पता लगाया जाएगा।
> – **जितेंद्र कुमार मिश्र**, जिला गन्ना अधिकारी।

खुदागंज में चौथे दिन भी गरजा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **संस्कृत महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल ढहाई गई**

अमृत विचार : खुदागंज में चौथे दिन भी बुलडोजर चला और संस्कृत महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल तोड़ी गई। दूसरी ओर व्यापारियों ने मुआवजे की मांग को तेज करते हुए मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। इससे पहले शुक्रवार को यहां जेसीबी से दुकानों को ढहा दिया गया था। यह दुकानें 20 साल से विवादित थीं, अब ढहाने के बाद विवाद भी लगभग समाप्त हो गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में बाधक बने भवनों को खुदागंज में ध्वस्त किया जा रहा है। मगर भवन स्वामियों ने प्रशासन के सामने मुआवजे की मांग रख दी है। इन लोगों का कहना है कि जब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिलता तब तक वे अपनी दुकान और मकानों को नहीं तोड़ेंगे और न ही तोड़ने देंगे।

खुदागंज में अतिक्रमण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

मध्य प्रदेश के भिंड से जलालाबाद, कटरा, खुदागंज होते हुए पीलीभीत तक राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के चौड़ीकरण निर्माण कराया जाएगा। गुरुवार को तिलहर के नायब तहसीलदार मनु माथुर, एनएचएआई टीम एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचे थे। विगत दो दिनों से लगातार संस्कृत महाविद्यालय में निर्मित दुकानों को जेसीबी से तोड़ा जा रहा है। यह क्रम लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। मार्ग चौड़ीकरण में बाधक दुकानों एवं मकानों के स्वामियों से पूर्व में ही अपनी अपनी बिल्डिंग हटा लेने को कहा गया था, जिसकी अंतिम तिथि 13 फरवरी बताई गई थी।

कहा गया था कि अगर इस अवधि में कोई अपना मकान या दुकान स्वामी मार्ग में बाधा उत्पन्न करता है तो प्रशासन उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। सोमवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं कई भवन स्वामियों ने डीएम से मुआवजा को लेकर मुलाकात की थी। मकान स्वामियों का कहना है कि यदि उन्हें मुआवजा नहीं मिला तो वह न्यायालय के शरण में जाकर मुआवजे की मांग करेंगे एवं मुआवजा से पूर्व वह दुकान एवं मकान नहीं हटाएंगे।

सार-संक्षेप

लकड़ी कटान में पकड़े गए दोनों आरोपी जेल भेजे

खुटार। छापाबोझी जंगल में लकड़ी काटने के मामले में पकड़े गए गांव नरौठा देवीदास निवासी आरोपी अनिल व रमेशचंद्र को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अनिल व रमेशचंद्र ने अपना जुर्म कबूल लिया।

छुट्टा गोवंश को बचाने में बाइक सवार घायल

तिलहर। शनिवार को गांव जोगीपुर निवासी वीरपाल ने बताया उनका बेटा सतीश कुमार घर से बाइक पर बाजार जा रहा था। रास्ते में गर्रा नदी पुल के पास अचानक छुट्टा गोवंश रोड पर आ गया, जिसको बचाने के चक्कर में बाइक असंतुलित होकर रोड पर गिर गई। इससे सतीश कुमार के गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

दिक्कत शहर में वाल्मीकि मंदिर के पास सड़क बनी दलदल, परेशान हो रहे लोग, अधिकारी जल्द समस्या दूर करने का कर रहे दावा

खोदी गई सड़क पर मिट्टी दबाने को छोड़ा पानी, दिनभर फंसते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : महानगर में खोदाई के चलते मुश्किलें बढ़ती जा रही है। खोदी गई मिट्टी पर जल निगम की ओर से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे सड़क दलदल में बदल गई है। शनिवार को दिनभर पक्की सड़क पर वाहन फंसते रहे। किसी ने सामान पलट कर ट्रैक्टर-ट्राली निकाले तो कोई जेसीबी से वाहन निकलवाते देखा गया। शहर में सड़कों की दुर्गति होने से लोग बेहद परेशान हैं।

शहर में सीवर लाइन बिछाने का काम 2019 से चल रहा है। इसके लिए 377 करोड़ 51 लाख 48 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। सीवरेज निर्माण का काम दिसंबर 2022 तक पूरा किया जाना था, लेकिन तय समय से एक साल बाद भी अभी काम पूरा नहीं हो सका। सीवर लाइन निर्माण के चलते शहर की हर सड़क और गली में गड्ढों के कारण निकलना मुश्किल है। जेल रोड पर सड़क को काटकर पांच-छह मीटर गहरी खोदाई की गई थी। इसके बाद सड़क की मरम्मत भी कर दी गई। मगर अब भी सड़क पूरी तरह सही नहीं हो सकी है।

सड़क में फंसे माल वाहन को जेसीबी से निकलवाते लोग। ● अमृत विचार

शहर के बाजार में सड़क पर फंसा वाहन। ● अमृत विचार

शहर में सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

शहर में सीवर लाइन बिछाने के बाद वहां गड्ढे नहीं भरे जा रहे हैं, जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं। सदर बाजार से टाउन हाल मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने का काम पूर्ण हो चुका है, लेकिन यहां गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। इसी तरह गोविंदगंज से ओवरब्रिज के नीचे से निकले मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क को ठीक नहीं किया गया। इन मार्गों पर गड्ढे होने के साथ धूल भी उड़ती है।

एसपी कॉलेज रोड पर फंसे रहे वाहन

एसपी कॉलेज रोड पर खोदी गई मिट्टी को समतल करने के लिए ठेकेदार ने शनिवार को पानी छोड़ा। इसके चलते सड़क पर पानी भर गया। इससे लोगों को दिखाई नहीं पड़ रहा था कि खुदी सड़क कहां है। इससे वाहन खोदी गई सड़क में फंस गए। एसपी कॉलेज रोड और वाल्मीकि मंदिर के पास दिनभर वाहन फंसते देखे गए। इससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

> सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं। उम्मीद है कि समय से काम पूरा हो जाएगा। राजघाट से केरूगंज तक सड़क का निर्माण शुरू करा दिया गया है। केरूगंज से खिरनीबाग और घंटाघर से रेलवे क्रासिंग तक सड़क का निर्माण भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है।
> –**विनय शाक्य**, सहायक अभियंता, जल निगम।

सड़क पर फंसी ट्राली से ईंटें उतारकर दूसरी में लादते मजदूर। ● अमृत विचार

कोटेदार के पति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव कोटाबारी निवासी कोटेदार के पति रजा मोहम्मद ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी बाइक गांव के दो लोग पुवायां शादी में ले गए थे। वहां बाइक का एक्सीडेंट कर दिया। उन्हें इसकी जानकारी सुबह को फोन पर दी गई। उन्होंने पुवायां जाकर बाइक देखी और उसे ठीक कराने को कहा। इससे बौखलाए दोनों लोग 15 फरवरी को उसके घर पहुंचे और बोले एक भी रुपया नहीं देंगे। इसी के साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर काफी आक्रोशित हो गए और दरवाजे पर लाठी-डंडा व अवैध हथियारों के साथ जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित ने बताया कि उसने किसी तरह से घर भागकर जान बचाई। जिसकी मेरे पास वीडियो व रिकॉर्डिंग है। आरोपी कहीं भी मेरे साथ दुर्घटना घटित कर सकते हैं। राजा मोहम्मद ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

परौर को ब्लॉक बनाने की फिर उठी मांग

विधायक विधान सभा में उठा चुके हैं मामला, फिर भी पूरी नहीं हो रही आस

संवाददाता, कलान

अमृत विचार : परौर को विकास खंड बनवाए जाने की मांग काफी समय से उठती रही है। यह मुद्दा विधानसभा में उठाया जा चुका है, लेकिन क्षेत्र के लोगों का यह सपना अभी तक पूरा नहीं हो पाया। अब एक बार फिर से लोगों ने परौर को विकास खंड का दर्जा दिलाए जाने की मांग शुरू कर दी है।

आजादी के समय कलान क्षेत्र को विकासखंड बनाया गया, जिसका कार्यालय कलान कस्बे में है। परौर के वाशिंदों का कहना है कि यह विकासखंड फर्रुखाबाद, बदायूं, बरेली के सीमावर्ती गांव शामिल होने से बहुत बड़ा ब्लॉक है, जिससे पूरे ब्लॉक को विकास संबंधी सुविधाएं नसीब नहीं हो पाती हैं। क्षेत्र के लोग काफी समय से ब्लॉक बनाए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं, लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। मिर्जापुर के कुछ गांवों को काटकर व कुछ कलान ब्लॉक के गांवों को मिलाकर परौर को नया विकासखंड बनाया जा सकता है। नए विकासखंड के लिए कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह इस प्रकरण को विधानसभा में अपने पिछले कार्यकाल में उठा चुके हैं। खजूरी निवासी ओमप्रकाश सिंह, राकेश सिंह, हरनोखा निवासी वीरपाल सिंह ,पवन कुमार सिंह, कुंडलिया निवासी हरिश्चंद्र सिंह ,पुष्पेंद्र गुप्ता, कुंदरिया निवासी अवधेश कुमार सिंह चंदेल ,दहेलिया निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह फौजी ,रणधीर सिंह ,रवि सिंह उर्फ चंद्रभान सिंह ,अजीत सिंह उर्फ डब्बू ,गोपाल सिंह ,साजिद अली ,मोहम्मद मोनू तस्लीम खान, नन्हे खान ने परौर को विकासखंड का दर्जा दिए जाने की मांग की है।

परौर का राजमहल।

परौर ब्लॉक में ये गांव हो सकते हैं शामिल

ब्लाक मिर्जापुर के गांव कौमी, ककोड़ा, दहेलिया कादराबाद, नोसरा, कुंडली आश्रम, जरौली,धीरगंज, अस्तौली, दमुलिया, हैदलपुर, सिमरा,मंझा, परौर खास नारायण नगर, मंजा साहनी, गोलागंज, कुंडलिया, रटेली, बहमनी, चौकी चौकिया, देवरिया, हरनौका, जूही, गणेशपुर, धरमपुर, देवड़ा, रंजीत, नगला, चपरा, रासनगरिया, गेउडी आदि गांव शामिल किए जा सकते हैं।

परौर को यदि ब्लॉक का दर्जा मिल जाता है तो कटरी क्षेत्र के गांव का सर्वांगीण विकास होगा और लोगों के ब्लाक स्तरीय काम आसानी से होंगे। –माधवेंद्र शुक्ला

यदि परौर विकासखंड बन जाता है तो बदायूं बॉर्डर से लगे गांवों को ब्लॉक जाने के लिए 20 से 28 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे किसानों को ज्यादा फायदा होगा। – चांदनी माथुर, प्रधान, परौर

परौर क्षेत्र के अधिकतर गांव रामगंगा की तलहटी में बसे हुए हैं यदि परौर में ब्लॉक की स्थापना हो जाती है, तो परौर और क्षेत्र में लगने वाले गांवों का विकास होगा। –अरविंद कुमार गुप्ता

ये सुविधाएं हैं मौजूद

परौर में थाना मुख्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा, साधन सहकारी समिति चौकिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, दर्शनीय स्थल में राजा नारायण सिंह का किला तथा बाबा ब्रह्मदेव स्थान है। डाकघर भी परौर में स्थित है, बिजली घर प्रस्तावित है।

मेरे द्वारा विधानसभा में परौर को ब्लॉक बनाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में जिला अधिकारी से आख्या मांगी गई है। उनकी आख्या के बाद ही आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मेरा पूरा प्रयास रहेगा की परौर को विकासखंड का दर्जा मिले।

–वीर विक्रम सिंह उर्फ प्रिंस, विधायक

निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप कल

शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पर निशुल्क मोतियाबिंद कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला अंधता एवं दृष्टि क्षीणता अभियान के तहत 19 फरवरी को सिंधौली स्थित सरकारी अस्पताल में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप का समय सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी सुदीप शुक्ला ने बताया कि मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को सरकारी गाड़ी से राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ले जाया जाएगा। जहां उनका लैंस डालकर ऑपरेशन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें वापस छोड़ दिया जाएगा।

एकल यातायात व्यवस्था से व्यापारी परेशान, एसपी से की सुधार की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : एकल यातायात व्यवस्था के तहत व्यापारियों को रही परेशानी के मद्देनजर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी अशोक कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मालवाहक ई रिक्शा को अस्थाई रूप प्रतिबंधित प्वाइंट से बाजार के अंदर आने का आदेश किए जाने की मांग की गई है।

दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि गत दिनों पहले वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ व्यापारियों की एक बैठक में जाम की समस्या के निस्तारण को लेकर एक रूपरेखा बनाई गई थी। जिसमें घंटाघर से पंखी चौराहे तक एकल यातायात व्यवस्था के रूप में कुछ समय के लिए अस्थाई रूप से लागू करने को लेकर सहमति बनी थी लेकिन उस समय जो व्यवस्था लागू की गई उसके बाद अब कुछ समस्याएं दुकानदारों को उत्पन्न हो रही है। मशीनरी मार्केट,बहादुरगंज,सदर बाजार के अधिकांश संख्या में दुकानदारों के गोदाम बाजार से बाहर स्थित हैं, ऐसे में उन दुकानदारों को दिन में गोदाम से माल मंगवाना पड़ता है, नो एंट्री पॉइंट पंखी होटल,जेल के पीछे और पचराहे पर सक्रिय होमगार्ड ड्यूटी तैनात रहते हैं और मालवाहक ई रिक्शा रोकते हैं, इसलिए दुकादारों को ग्राहक को सामान उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों के हित में मालवाहक ई रिक्शा को अस्थाई रूप प्रतिबंधित प्वाइंट से बाजार के अंदर आने का आदेश किया जाए। पत्र देने वालों में जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन,अनूप गुप्ता,नरेंद्र शुक्ला,रेहान खान,मंसब सिद्दीकी, दानिश मौजूद रहे।

एसपी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

▸▸ मालवाहक ई-रिक्शा बाजार के अंदर आने के आदेश दिए जाने की मांग

खन्नौत और गर्रा नदी के बाढ़ संभावित क्षेत्र में अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ नदी की जमीनों पर लोगों ने कर रखा है अवैध कब्जा

▸▸ जांच के आगे नहीं बढ़ सकी कार्रवाई

अमृत विचार : नदियों के किनारे बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अवैध निर्माण कर लिए गए हैं। रसूखदार निजी भूमि के साथ-साथ सरकारी जमीनों पर कब्जा करके अवैध निर्माण करा रहे हैं। उनकी पहुंच के आगे नियम बौने प्रतीत हो रहे हैं। महानगर में बाढ़ संभावित क्षेत्र में दर्जनों आवासीय और व्यसायिक भवन बन गए हैं। इस तरह बनाए जा रहे भवनों पर अब भी पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई है। गर्रा हो या खन्नौत नदी दोनों के ही किनारों पर भारी संख्या में रिहायशी मकान बने हुए हैं। कई बार शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई जांच से आगे नहीं बढ़ पा रही है। हाल ही में लोधीपुल के पास स्थित कालोनी और बरात घर की जांच का प्रकरण सामने आया था, लेकिन एक बार फिर कार्रवाई जांच से आगे नहीं बढ़ सकी है। अवैध निर्माणों की बार-बार जांच होती रहती है और आंच किसी को नहीं आ रही है। कई फाइलों में सरकारी जमीनों पर कब्जा कर अवैध निर्माण किए जाने के मामले दफन हैं और अब इन फाइलों में धूल जम रही है। अवैध निर्माण और अवैध कब्जों के तमाम मामलों में रसूखदार सीधे या पर्दे के पीछे से शामिल हैं। शायद यही कारण है कि तमाम नियम इन मामलों में लाचार साबित हो रहे हैं। सरकारी जमीनों पर कब्जे और अवैध निर्माण रोकने के लिए नियम तो तमाम हैं, लेकिन इन पर अमल आज भी नहीं हो पा रहा है। हाल ही में सिटी मजिस्ट्रेट ने बाढ़ संभावित क्षेत्र में हो रही प्लाटिंग को रुकवाया था। उसकी चहारदीवारी को जेसीबी से गिरवा दिया था।

मकान खरीद कर पछता रहे लोग

ऐसा नहीं है कि लोग जानबूझ कर इन कालोनी में मकान बनाते हैं बल्कि उन्हें शातिर लोग अपने जाल में फंसाते हैं। प्लाट खरीदने वालों को यह पता ही नहीं होता है कि वह जहां प्लाट खरीद रहे है वह जगह निर्माण के लिए प्रतिबंधित है। यह पूरा खेल कालोनाइजर खेलते हैं। वह जानते होते हैं कि जहां वह कालोनी काट रहे हैं वहां निर्माण नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी वह भोले-भाले लोगों को यह कहते हुए बरगलाते हैं कि जहां वह प्लाट बेच रहे हैं वो जगह बहुत महत्वपूर्ण है। ग्राहकों को वह बहुत कम दाम पर प्लाट दे रहे हैं।

बाढ़ संभावित क्षेत्र में अवैध निर्माण न हो इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में हुए कुछ अवैध निर्माणों की जांच कराई जा रही है। लोधीपुर में नदी की जमीन पर भवन और बरात घर बनाए जाने की शिकायत मिलने पर जांच कराई गई है। –प्रवेंद्र कुमार, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/ सिटी मजिस्ट्रेट।

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)

बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक

रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

भाषण में लविश और रश्मि सिंह प्रथम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नेहरू युवा केंद्र ने बंडा और मिर्जापुर में कराईं प्रतियोगिताएं
- जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र की ओर से शनिवार को ब्लॉक बंडा के गांव देवकली स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर में जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, मिर्जापुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर हुई भाषण प्रतियोगिता लविश सिंह ने प्रथम, प्रबल ने द्वितीय और नैनसी देवी ने तृतीय स्थान पाया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश और समाजसेवी सुधीर कुमार मिश्रा, सर्वेश सिंह चौहान, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अंकुल अवस्थी, प्रधान बृजेश सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आशीष कुमार मिश्रा आदि ने कर्पूरी ठाकुर व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी को मतदाता जागरूकता, गंगा स्वच्छता एवं पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। उधर, विकास खंड मिर्जापुर के श्री नौरंग सिंह इंटर कॉलेज पहरुआ खुर्द में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

भाषण प्रतियोगिता में रश्मि सिंह प्रथम, दिव्या सिंह द्वितीय व विजय विश्वास तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्या सिंह प्रथम, रश्मि द्वितीय, शिवानी राजपूत तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राममोहन, सुरजीत कुशवाहा, विजयवीर कुशवाहा, गणपति सिंह, सुरेंद्र सिंह, तनुज, साधना कुशवाहा, मुकेश आदि का सहयोग रहा।

दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

बोले- बिक्री संवर्धन कर्मचारियों का बंद किया जाए शोषण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: विभिन्न दवा कंपनियों से जुड़े प्रतिनिधियों (एमआर) ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन के बैनर तले जिले भर के एमआर शनिवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे टाउनहाल स्थित शहीद पार्क के पास इकट्ठे हुए। यहां से कॉमरेड मुरारी दीक्षित के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। फिर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिक्री संवर्धन कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए। हमारे कार्य करने के अधिकार पर हमला ना बोला जाए। हमारी निजता का हनन न हो। दवाओं और मेडिकल डिवाइसेज पर जीएसटी न लिया जाए। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अनुसार सेल्स प्रोमोशन कर्मचारियों को चिकित्सा देखभाल, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाए।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते एमआर। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर मुकदमा चलाकर उन्हें उचित सजा दी जाए। अस्पतालों और संस्थानों में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के काम करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को वापस लिया जाए। एक मई को मजदूर दिवस पर अवकाश घोषित किया जाए आदि मांगे शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उनका यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तब कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

इस दौरान जिला सचिव कामरेड विजय मिश्रा ने कहा कि 11 मार्च को लखनऊ में एक रैली निकाली जाएगी। इस दौरान प्रदेश सह सचिव आशित मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी, सह सचिव सीएल तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, सोनू सिंह, पंकज मिश्रा, अजय त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

कवि डॉ. प्रदीप वैरागी काव्यदीप रत्न से सम्मानित

पुवायां। कवि व साहित्यकार और पर्यावरण प्रेमी डॉ. प्रदीप वैरागी को उनकी साहित्यिक व सामाजिक सेवाओं के लिए काव्य दीप संस्थान बदायूं की ओर से 2024 का काव्यदीप रत्न सम्मान दिया गया। इसके अलावा कानपुर की पूनम पांडेय और गाजियाबाद की कुमकुम गुप्ता को भी काव्यदीप हिंदी साहित्यिक संस्थान बदायूं के प्रति समर्पण के लिए 2024 का काव्यदीप रत्न दिया गया। कवयित्री दीप्ति सक्सेना ने बताया कि संस्थान के तृतीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर शनिवार को शाहजहांपुर के कवि डॉ. प्रदीप वैरागी, कानपुर की चर्चित कवयित्री पूनम पांडेय और गाजियाबाद की कवयित्री कुमकुम गुप्ता को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए काव्यदीप रत्न-2024 से प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। जनपद के साहित्यकारों ने इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कवि रामबाबू शुक्ला, अरविंद पंडित, आरएल श्रीवास, प्रदीप पांडेय व्योम, पुष्पेंद्र पांचाल, हिमांशु शुक्ला, दीनबंधु बाजपेई, बीपी बेधड़क, भानु प्रताप त्रिवेदी, ऋषभ शुक्ला, शंभू सिंह, अरुण सक्सेना, गोविंद त्रिवेदी, गायत्री त्रिवेदी, राकेश पुजारी, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

मिर्जापुर में रही साप्ताहिक बन्दी

मिर्जापुर। मिर्जापुर कस्बे में शनिवार को साप्ताहिक बंदी रही। इससे आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। व्यापारियों ने इसके लिए एकजुट होकर खुली दुकानों के मालिकों से अनुरोध करके उन्हें बंद कराया।

तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। तिलहर थाना क्षेत्र के गांव रतूली निवासी संजीव ने बताया कि उसका खेत रटी गांव में है। छह फरवरी की दोपहर दो बजे वह अपने खेत पर था। रटी गांव का सुरेंद्र खेत पर आया और उसकी मेड़ तोड़ दी। विरोध करने पर संजीव आदि ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र, रामदास, सोनू के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अवैध असलहा समेत आरोप गिरफ्तार

जलालाबाद। शुक्रवार शाम पुलिस ने याकूबपुर गिहार बस्ती की पुलिया के पास गांव कोला निवासी शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास तमंचा बरामद हुआ। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से नाजायज बंदूक व 10 कारतूस बरामद हुए।

सपा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने रामवीर

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर जलालाबाद तहसील क्षेत्र के गांव चिलौआ निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी को प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया है। उनसे संगठन को और मजबूती देने की अपेक्षा की गई है।

एबीवीपी के पूर्व महानगर सहमंत्री कांग्रेस में शामिल

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के निवर्तमान महानगर सहमंत्री अर्जुन राना ने राहुल गांधी के विचारों में आस्था व्यक्त करते हुए राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय जाकर साथियों समेत कांग्रेस का हाथ थाम लिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि राहुल गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर युवा कांग्रेस से जुड़ रहे हैं, जो आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का काम करेंगे। जिला महामंत्री गौरव त्रिपाठी ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी युवाओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है। इस अवसर पर अदीब अहमद, फुरकान अहमद कुरैशी, रफी उल हसन, शाश्वत मिश्रा, अश्वनी बघेला, प्रत्युष मिश्रा, मोहसिन खान, शादाब, कृष्णा गुप्ता, अनमोल दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

जूनियर बालक कबड्डी का चयन ट्रायल कल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में सोमवार 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जूनियर बालक कबड्डी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव राहुल सिंह तोमर ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन कर जनपद स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 20 और 21 फरवरी को गाजियाबाद में होने वाली 47वीं जूनियर बालक स्टेट चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ी आधार कार्ड की मूल प्रति और दो फोटो कॉपी तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटो के साथ चयन ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। सचिव राहुल सिंह तोमर और जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

बुजुर्ग के 40 हजार रुपये उड़ाए

संवाददाता, बरखेड़ा

- थाना गेट के नजदीक छिनैती सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : नातिन के नामकरण संस्कार की तैयारियों के लिए बैंक से रुपये निकाल कर घर जा रहे बुजुर्ग से दिनदहाड़े थाना बरखेड़ा के पास वारदात हो गई। उचक्कों ने ई रिक्शा से उतरते ही धारदार चीज से पैंट की जेब काटकर 40 हजार रुपये उड़ाकर रफ्फूचक्कर हो लिए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के डंडिया भगत गांव निवासी 55 वर्षीय छत्रपाल खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी नातिन का नामकरण संस्कार 21 फरवरी को हैं। इसी की तैयारियों के लिए शनिवार सुबह कस्बा बरखेड़ा स्थित एसबीआई बैंक से 45 हजार रुपये निकाले। पांच हजार शर्ट और 40 हजार पैंट की जेब में रख लिए। इसके बाद ब्लाक तिराहे से ई रिक्शा पर सवार हुए। कुछ दूरी से ही बाइक सवार तीन में से दो लोग आकर उनके पास ई रिक्शा में बैठ गए। दोनों की हरकत पर बुजुर्ग को शक हुआ और वह थाना गेट के पास ई रिक्शा से उतर गए। इसके बाद पैंट की जेब काटकर 40 हजार रुपये उड़ा लिए।फिर तीनों बाइक पर सवार होकर भाग गए। शोर मचाया तो लोग जमा हो गए।

> बैंक से रुपये निकालकर ई-रिक्शा से घर जा रहे बुजुर्ग की जेब काटकर 40 हजार रुपये चोरी किए गए थे।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुरागरसी को टीम लगी हुई है, जल्द खुलासा होगा।
> – **मृदुल कांत शुक्ला**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

परिवहन से जुड़कर समाज और देश सेवा में दे सकते हैं योगदान

एनएसएस मिश्रित इकाई शिविर में जानकारी देते यात्री कर अधिकारी मो. आरिफ खां।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिविर में यात्री कर अधिकारी ने दी परिवहन की जानकारी

अमृत विचार : जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवायोजन की मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर तीसरे दिन भी जारी रहा। कंपोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे शिविर में मुख्य अतिथि यात्री कर अधिकारी मोहम्मद आरिफ खां ने परिवहन के अंतर्गत आने वाले कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन से जुड़कर समाज व देश की सेवा में योगदान दे सकते हैं। अपने देश को विकसित बनाने के लिए परिवहन क्षमता को मजबूत बनाना होगा और संरक्षण प्रदान करना होगा। दूसरे चरण में प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने स्वयंसेवियों को एनएसएस का महत्व समझाया। इस अवसर पर डॉ. रईस अहमद ने भी शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कौसर जमाल ने किया। किरन, फिजा, रिमझिम, देवराज, दीपांजलि, तैयबा, श्रुति आदि स्वयंसेवियों का योगदान रहा।

समस्याओं से जूझ रहे दिव्यांगजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश व प्रदेश सचिव नीरज बाजपेयी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शनिवार सुबह 10: 30 बजे दिव्यांग वृद्ध व निराश्रित महिलाएं रामचरन लाल धर्मशाला खिरनीबाग में एकत्र हुए। जहां उन्होंने अपनी समस्याएं दिव्यांग संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश और प्रदेश सचिव नीरज बाजपेयी के सामने रखीं। दिव्यांगजनों ने बताया कि वर्तमान में दिव्यांग, वृद्ध एवं निराश्रित महिलाएं विभिन्न समस्याओं से ग्रसित है। इस महंगाई के दौर में 1000 मासिक पेंशन से गुजारा होना संभव नहीं है। पेंशन के पात्र दिव्यांगजनों का अंत्योदय राशन कार्ड नहीं बन रहा है। प्रधान आवास के लिए रुपयों की मांग करते हैं। इसके बाद सभी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट गए और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नही हुआ तो दिव्यांग जन वृद्ध एवं निराश्रित महिलाएं आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देतीं आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश व प्रदेश सचिव नीरज बाजपेयी।

- दिक्कतें जल्द दूर न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में कहा गया है कि दिव्यांग, वृद्ध एवं निराश्रित महिलाओं की मासिक पेंशन 5000 रुपये प्रति माह की जाए। अंत्योदय व आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। दिव्यांग शादी अनुदान दोगुना किया जाए। परिवहन निगम की बसों में आए दिन हो रही दिक्कतों को दूर किया जाए। प्रत्येक विकास खंड स्तर पर सिलाई कढ़ाई बुनाई कम्प्यूटर सेंटर खुलवाए जाएं, जिससे दिव्यांगजन हुनरमंद होकर रोजगार परक बन सके। ज्ञापन देने वालों में नलिनी ओमर, वेद प्रभा बाजपेयी, हेमा कश्यप, नन्ही देवी, फूलमती, अशोक कुमार, रामदेव, सुरेश, प्रेमा देवी, किरन देवी, बनवारी लाल, सुरेश, आदि लोग मौजूद रहे।

देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी

काजीपुर गांव में उर्स के कुल में कलाम पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

- कुल के साथ शेर मियां के तीन दिवसीय उर्स का समापन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : काजीपुर गांव में हाफिज अहमद शेर मियां उर्फ हाफिज मियां के तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। कुल की महफिल में मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआ मांगी गई। हाफिज व कारी अहमद नूर मियां की सरपरस्ती में शनिवार सुबह तिलावते कुरआन के बाद हाफिज मुनव्वर चिश्ती, कारी मंजूर चिश्ती, हाफिज चांद मियां, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद महताब, अरमान अली ने नात व मनकबत पेश की।

मस्जिद के इमाम मौलाना जमील उर्रहमान अमजदी ने औलिया ए किराम की हयात व खिदमात पर रोशनी डाली। कुरआन की आयत पढ़कर साहिब ए उर्स को इसाले सवाब कर सूफ़ी मुनव्वर चिश्ती ने मुल्क की तरक्की व खुशहाली की दुआ की।

महफिल ए समां में कव्वाल सगीर अहमद बब्बू ने सूफियाना कलाम पेश किए। आयोजन में डॉ. तसलीम खां, सूफी रजा उल्ला, डॉ. अब्दुल हसन, डॉ. तस्लीम खां, राशिद हुसैन, निजाकत खां, प्रधान इकबाल खां, अरबाज हुसैन, शाहिद अली, आफताब हुसैन, उस्मान खां, फुरकान खां, मोनिस खां आदि का योगदान रहा।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
25 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
रोजी पब्लिक स्कूल
कलान, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : हेल्प लाइन सोसाइटी, शाहजहाँपुर
लोकनाथ तिवारी, (प्रिंसिपल) - मो. 7571007411
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

मुफ्त स्वास्थ्य शिविर
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
नाक, कान, गला रोग विभाग
दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)
दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
• ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
• खून की जाँच (CBC) मुफ्त
• गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
• दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• CT Scan 50% छूट पर
• SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
• VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर
नासूर
निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-
● आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।
ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये
पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
Mob. 7521001988, 7521001989

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO-9001-2008 एवं Trademark Certified Clinic

डा.आर.एस.सिंह

B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)

स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।

मोटे होने का रामवाण इलाज

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं

छिपाएं नहीं बताएं या मिलें

स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी

- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार 25 फरवरी 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463 7599211076

सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट से कूड़ा निस्तारण की आस अब भी अधूरी

महीनों बाद भी नहीं शुरू हो सकी कवायद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बिना उपकरण स्वच्छता की दौड़ में कैसे आगे दौड़ेगा शहर
- सड़क किनारे पड़ा देखा जा रहा कूड़ा

अमृत विचार: स्वच्छता की दौड़ में महानगर को आगे लेकर जाने वाला सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सालों की कवायद के बाद भी अधूरा पड़ा है। अब सिविल वर्क किसी तरह पूरा हुआ है तो मैकेनिकल वर्क लटक गया है। प्लांट में मशीनें लगने की अभी शुरूआत तक नहीं हो सकी है। प्लांट अभी तक न चलने से महानगर में कूड़ा प्रबंधन लड़खड़ा रहा है। कई बार कूड़ा सड़क किनारे पड़ा नजर आता है। यह स्थिति सालों से बनी हुई है।

सरकार ने साल 2018 में प्रत्येक नगर निगम में कूड़ा निस्तारण संयंत्र लगाए जाने की योजना पर काम शुरू किया था। इसी क्रम में साल 2018 में शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की शुरूआत कर दी गई थी। बाद में तय हुआ कि ददरौल ब्लॉक स्थित खिलौली गांव में नगर निगम की ओर से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएगा। यहां पर ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाएगा। अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया में कचरे को विभिन्न स्रोतों से एकत्र किया जाता है और उनका निपटान किया जाता है। इस प्रक्रिया में कचरे का संग्रहण, परिवहन, उपचार, विश्लेषण और निपटान शामिल है। प्लांट का कार्य लटकने के बाद से निगम के गलियारों में चर्चा है कि बिना स्वच्छता संबंधी उपकरण देश की रैंकिंग में निगम कैसे दौड़ेगा। प्लांट का सिविल कार्य पूरा हुआ महीनों का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक मैकेनिकल वर्क शुरू तक नहीं हुआ है। जबकि सिविल के साथ-साथ यंत्र लगाने का काम शुरू कर दिया जाना चाहिए था। अगर ऐसा हुआ होता तो आज सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया होता और महानगर में सड़कों के किनारे कूड़ा पड़ा नहीं देखा जाता।

12 महीने में पूरा होना था काम : प्लांट को लगाने का काम दिसंबर 2019 में शुरू होना था, लेकिन केंद्र सरकार से एनओसी न मिल पाने के कारण समय से निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। एनओसी मिलने के बाद साल 2020 जनवरी माह में कहीं जाकर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकी थी। निर्माण का काम अगले एक साल यानी जनवरी 2021 तक पूरा कर लिया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सिविल वर्क ही जाकर इस साल पूरा हुआ है। अब मैकेनिकल कार्य किया जाना है। इसके लिए टेंडर निकाला जाना है।

प्रोजेक्ट से ये होंगे लाभ
कचरा निस्तारण
कचरा रीसाइकिल
कचरे से ऊर्जा उत्पादन
कचरे का उचित प्रबंधन

कूड़े से बनेगी खाद बिजली और कुकिंग गैस

कूड़े का निस्तारण कर खाद, बिजली, पानी और गैस बनाई जाएगी। कूड़े में मॉश्चर होता है। उस मॉश्चर को बदलकर मिनरल वॉटर बनाया जाएगा। इसी तरह बिजली का निर्माण भी कूड़े से करने की तैयारी की गई है। कूड़े से कुकिंग गैस भी बनाई जाएगी। गैस बनने के बाद किस तरह से सप्लाई दी जाएगी, फिलहाल अभी कुछ तय नहीं हुआ। कूड़े को रिसाइकिल करने के बाद बचने वाली मिट्टी को खाद के रूप में प्रयोग किया जाएगा। बताया जाता है कि इस प्रोजेक्ट के लिए तीन एकड़ (1.045 हेक्टेयर) जमीन नगर निगम ने उपलब्ध कराई है। जमीन को सुरक्षित रखने के लिए सबसे पहले बाउंड्रीवाल कराई गई थी। इसके बाद यहां भवन और फाउंडेशन बनाने का काम शुरू किया गया। यह अब दोनों ही काम शुरू हो चुके हैं। प्रोजेक्ट लगाने में साढ़े चार सौ करोड़ रुपये खर्च आएगा।

> खिलौली में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाए जाने के लिए सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। जबकि मैकेनिकल वर्क शेष है। उपकरण लगने के बाद यहां कूड़ा प्रबंधन शुरू हो जाएगा और कूड़े से खाद बनना शुरू हो जाएगा।
> –केपी सिंह, नगर आयुक्त

सीएमओ ने सारथी वाहन को किया रवाना

शाहजहांपुर। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने परिवार नियोजन के जागरुकता अभियान के लिए सारथी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वाहन परिवार नियोजन का प्रचार-प्रसार करेगा। सारथी वाहन के माध्यम से महिला और पुरुष को नसबंदी के लिए जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, पुष्पराज गौतम, अनिल कुमार गंगवार, विपिन सिंह आदि मौजूद रहे।

सत्यापन न भेजने से अटक रहा पशु पालकों का पैसा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रिपोर्ट न भेजने के चलते पशु पालकों को नहीं मिल पाता पैसा
- औसतन 20 पशु पालकों को नहीं मिल पा रहा लाभ

अमृत विचार : ब्लॉक और नगर निकायों की ओर से समय से सत्यापन न पहुंचने के चलते पशु पालकों का पैसा अटक रहा है। ऐसे में लोगों का गोवंशीय पालने से मोह भंग हो रहा है। कई लोग पशु पालना छोड़ने का मन बना चुके हैं।

छुट्टा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार की ओर से पशु पालन योजना चलाई जा रही है। बेसहारा पशुओं के संरक्षण के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पशुओं को गोशाला से लेकर पालने वाले को प्रतिमाह 900 रुपये सरकार की ओर से दिए जाते हैं। हालांकि जानकारी के अभाव में ज्यादा लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पशु पालन विभाग की गोशालाओं में अब भी छह हजार 216 पशु हैं। बेसहारा गायों के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया था। बीते वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि राज्य में किसी भी गोवंश पशु को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। सरकार उनके पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश छुट्टा न घूमे। कहा था कि चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी तरह बेसहारा गोवंशों का बेहतर प्रबंधन किया जाए। इस आदेश का पालन बीते दिनों शुरू हो गया। योजना धरातल पर उतर आई। गोशाला से पशु को लेने वालों को अब प्रतिमाह सरकार की ओर से 930 रुपये दिए जा रहे हैं।

पशु पालक के पास पशु सुरक्षित है या नहीं यह देखने की जिम्मेदारी ब्लॉक और नगर निकाय के अधिकारियों को दी गई है, लेकिन समय से यह सत्यापन अधिकारियों की ओर से जिला मुख्यालय नहीं भेजा जा रहा है। जिसके चलते पशु पालकों का पैसा अटकता है। नियमानुसार हर महीने की पांच तारीख से पहले सत्यापन जिला मुख्यालय आ जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता है। कई बार सत्यापन समय से नहीं भेजा जाता और जब पशु पालक का पैसा अटक जाता है।

> हमारा प्रयास रहता है कि जो भी पशु पालक गोशाला से लेकर पशु पाल रहे हैं उन्हें समय से पैसा उपलब्ध करवा दिया जाए। कई बार सत्यापन न आ पाने के कारण पशु पालकों को समय से पैसा नहीं मिल पाता है। सभी को समय से पैसा मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। – डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।

करोड़ों के फ्लाईओवर की सड़क में दरारें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दरारें पड़ने की सूचना पर जांच करने पहुंचे अधीक्षण अभियंता
- फ्लाईओवर का 13 दिन पहले ही हुआ था उद्घाटन

अमृत विचारः पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर 297 करोड़ की लागत से बनाए गए तीन फ्लाईओवर में से एलआरपी चौराहा के फ्लाईओवर की सड़क में दरारें पड़ गई हैं। दरारों का वीडियो वायरल होने के बाद से पीडब्ल्यूडी/एनएच के अधिकारियों में खलबली मची है। एनएच के अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता शुभ नारायण ने मौके पर पहुंचकर दरारों का निरीक्षण किया।

13 दिन पहले 4 फरवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने वर्चुअली और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने बटन दबाकर आरओबी समेत तीन फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। सब कुछ ठीकठाक था। भारी वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से हो रही है, लेकिन इसी दौरान एलआरपी चौराहा स्थित फ्लाईओवर के एक हिस्से की सड़क में कई दरारें दिखाई पड़ने लगीं।

इसका वीडियो बनाकर किसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी और एनएच के अभियंताओं में खलबली मच गई। सूचना पर डिवीजन के अधीक्षण अभियंता मामले की जांच करने लखीमपुर पहुंचे। उनके साथ अधिशासी अभियंता शुभ नारायण भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने गहनता से सड़क में आई दरारों की जांच की और इसका निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को मरम्मत करने के निर्देश दिए। उद्घाटन के 13 दिनों बाद सड़क के चटकने से पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग गया है। अभी दरारें आईं है, जिसके बाद अन्य फ्लाईओवर राजापुर व छाउछ की गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया जा रहा है।

बेनी चौधरी में दो समुदायों में पथराव, सात पकड़े

दोनों पक्ष अलग-अलग समुदाय से, मोहल्ले में तनाव को देखते हुए पुलिस बल मौके पर तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : मिश्रित आबादी क्षेत्र मोहल्ला बेनी चौधरी में एक बार फिर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद जमकर बवाल हुआ। दोनों ओर से लोग जमा हुए और फिर मारपीट के बाद पथराव हो गया। अलग-अलग समुदाय से जुड़े दो पक्षों में विवाद के बाद इसे सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश कर दी गई। इसकी सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बमुश्किल मामले को शांत कराया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। एक पक्ष ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी, जबकि दूसरे भी हमला करने के आरोप लगाए। घटना को लेकर हड़कंप मचा रहा।

घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी की है। ये इलाका मिश्रित आबादी क्षेत्र होने के साथ ही पुलिस की अतिसंवेदनशील इलाकों की सूची में भी शुमार रहा है। एक पक्ष के अनुसार एक माह से मोहल्ला मोहम्मद फारुख का निवासी का एक युवक सुबह-शाम कान पर फोन लगाकर घर के बाहर सिगरेट पीता रहता। युवतियों से छेड़छाड़ भी करता था। जिसे लेकर कई बार मना किया जा चुका है। शुक्रवार रात को भी इसे लेकर कहासुनी हुई लेकिन दोबारा शनिवार दोपहर एक बजे युवक घर के बाहर आकर सिगरेट पी रहा था। उसका जब विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी देना शुरू कर दिया।

अपने साथियों को फोन कर दिया। जिसके बाद लाठी डंडे तलवार लेकर तमाम लोग आ गए और हमला कर दिया। इसके बाद पथराव शुरू कर दिया गया। चूंकि दोनों पक्ष अलग-अलग समुदाय से थे। ऐसे में मामले को सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई। इसके बाद दूसरी तरफ से भी लोग जमा हो गए। करीब आधे घंटे तक दोनों तरफ से पत्थर चले। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हल्का बल प्रयोग कर पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया।

झगड़ा -फसाद करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है, ताकि दोबारा कोई विवाद न हो। दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाया जाता रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों तरफ से सात लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें एक पक्ष से चार और दूसरे से तीन लोग शामिल हैं। उनसे भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

पथराव करते हुए वायरल वीडियो से लिया स्क्रीन शॉट।

थाना कोतवाली पहुंचीं एक पक्ष की महिलाएं। ● अमृत विचार

पथराव के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बेनी चौधरी मोहल्ले में हुई पथराव घटना के वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसमें मार्ग पर भगदड़ मची दिख रही है। छतों पर लोग खड़े हैं। सड़क पर हंगामेबाज पत्थराव कर रहे हैं। ऐसे में वीडियो की मदद से भी पुलिस पत्थर चलाने वालों की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

पहले भी बन चुके हैं तनाव के हालात

बता दें कि मोहल्ला बेनी चौधरी में पहले भी कई बार झगड़े के बाद दोनों पक्षों के अलग-अलग समुदाय से जुड़े होने पर सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा चुका है। बीते साल नवंबर में ही लोडर से महिला को लगी टक्कर जैसे मामूली हादसे के बाद पथराव हो गया था। इससे पहले बच्चे को दुकानदार द्वारा पीटने पर भी मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करते हुए हंगामा हुआ था। इसके अलावा पूर्व में त्योहारों पर भी इस तरह के झगड़े होते रहे हैं।



कोतवाली गेट पर जमा भीड़ को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

> अभी तक की जांच में सामने आया है कि घर के बाहर सिगरेट पीने से मना करने पर विवाद की शुरुआत हुई। जिसके बाद मारपीट और पथराव किया गया। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच चल रही है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। माहौल पूरी तरह शांत है। एहतियातन फोर्स की तैनाती की गई है।
>
> – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
20 फरवरी 2024, मंगलवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
अग्रवाल धर्मशाला
तिलहर, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयां मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त।
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें:
1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से :
अग्रवाल सेवा समिति, तिलहर, शाहजहाँपुर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

दुधवा के जंगल में मार्ग पर दिखा बाघ

पलिया कलां (खीरी), अमृत विचारः धनगढ़ी (नेपाल) सहित बनगवां मंडी से शनिवार को लौट रहे लोगों ने जब दुधवा के आगे सुहेली पुल के निकट सड़क पर बाघ खड़ा देखा तो दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। 20 मिनट के बाद वनराज जंगल में गए। शनिवार की शाम भारत नेपाल सीमा की मंडियों से लोग घर वापस लौट रहे थे। दुधवा जंगल में पलिया-चंदन चौकी मार्ग पर बने सुहेली नदी के पुल के निकट बाघ खड़ा देखा। इसी बीच यात्रियों से भरी एक बस भी वहां पहुंच गई। पलिया से चंदन चौकी, डिगनियां, बनगवां आदि स्थानों को जा रहे दुपहिया, चौपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाघ करीब 20 मिनट के बाद जंगल की झाड़ियों में चला गया।

पसियापुर में गांव की पूजा के लिए दो पक्ष भिड़े

संवाददाता, संसारपुर

- कई थानों का फोर्स पहुंचा, देर रात दोनों पक्षों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया

अमृत विचारः थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर क्षेत्र के ग्राम पसियापुर में तीन वर्षों के बाद गांव की पूजा में बरोसी सिर पर रखकर घुमाने को लेकर दूसरे समुदाय के लोग विरोध करने लगे। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। साम्प्रदायिक टकराव की सूचना पर मैलानी के अतिरिक्त पड़ोस के अन्य थानों का फोर्स मौके पर बुला लिया गया। देर रात दोनों पक्षों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया है। पसियापुर में पुलिस का पहरा लगा दिया है।

शुक्रवार की देर शाम पसियापुर में पूजा संपन्न होने के बाद जलती हुई आग की बरोशी को सिर पर रखकर गांव की परिक्रमा कर रहे थे। मुख्य मार्ग से होते हुए दक्षिण की ओर बरोशी लेकर लोग मुड़े ही थे कि तभी दूसरे समुदाय के लोग इधर से निकलने का विरोध करने लगे, इससे देखते ही देखते दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और विवाद शुरू हो गया। पसियापुर के ग्रामीणों ने तत्काल सूचना चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर को दी। बिना कोई देरी किए चौकी प्रभारी दल बल के साथ गांव पहुंच गए। दोनों समुदायों से बातचीत कर मामला शांत कराया और बरोशी निकलवाकर पुनः पूजा संपन्न कराई। पसियापुर में तनाव की स्थिति को देखते हुए मैलानी प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना इंचार्ज ने उच्चाधिकारियों को मामले की दी। घटनास्थल पर भीरा कोतवाली, कुकुरा चौकी पुलिस, बांकेगंज चौकी पुलिस के साथ पीआरवी 2867 बुला ली गई। किसी तरह का कोई विवाद दोबारा न हो, इसको लेकर गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी। क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ने दोनों पक्षों से बात की।

पसियापुर में इस जगह को लेकर हुआ विवाद। ● अमृत विचार

> पसियापुर गांव में रास्ते को लेकर दो पक्षों में मामूली विवाद हो गया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर माहौल को शांत कर दिया है। गांव में पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है।
>
> –**पंकज त्रिपाठी**, थाना अध्यक्ष मैलानी।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

C.B.S.E. Affiliation No. 2133488
Ram Murari Public School
PNC to XII
SALPUR NAVADIYA, MEERANPUR KATRA, SHAHJAHANPUR
(Contact : 6398020476 | Website : www.rammuraripublicschool.com)
NO ADMISSION FEE
ADMISSION OPEN 2024-25
NO ADMISSION FEE
Toppers of Session 2022-23
Class Name of Student %
PNC Amit 99%
NC Atifa 99%
KG Bhavya 98%
I Samayara 98%
II Anant Gupta 98%
III Arhaan 98%
IV Adhya Mishra 98%
V Sohit Yadav 97%
VI Trisha Jaiswal 97%
VII Tanishka 98%
VIII Vaishnavi 97%
IX Yashi 98%
X Alishaan 89%
(Board Exam)
UPPER GALLERY
LOWER GALLERY
PLAYGROUNDS
SENIOR PLAYGROUND
JUNIOR PLAYGROUND
School Facilities
• Large Campus Area
• Audio Visual IT Classrooms
• Well Lit Spacious Classrooms
• Safe & Secure environment
• Full time CCTV Monitoring
• Indoor / Outdoor Play area
SAFE DRINKING WATER
SOLAR PANEL
CCTV
GPS Enabled Transport
TRANSPORT

पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी किया गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मौत के बाद से वह अपने मायके में रहती हैं। शनिवार दोपहर फैजगंज बेहटा के वार्ड छह निवासी मोना उर्फ मोहन लाल उसके घर में घुस आया। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा।

पेट्रोल पंप के केबिन से नगदी व कागजात ले गए चोर

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कस्बा नीमगांव में चोरों ने थाने से महज 400 मीटर दूर एक पेट्रोल पंप के केबिन का शीशा तोड़कर 36 हजार रुपए और कुछ जरूरी कागजात चोरी कर लिये। इससे पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पेट्रोल पंप के मैनेजर रामचंद्र ने पुलिस को सूचना दी है। नीमगांव निवासी राधेश्याम का ढकिया रोड पर थाने से करीब 400 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप है। रात में देखरेख के लिए चौकीदार रहता है। थाना निकट होने के कारण पेट्रोल पंप के पास से ही पुलिस का दिन और रात आना जाना लगा रहता है। शुक्रवार की रात चौकीदार की आंख लग गई। इसी बीच चोर आए और पेट्रोल पंप के केबिन का शीशा तोड़कर 36 हजार रुपए की नगदी और कुछ कागजात चोरी कर ले गए। सुबह तब हुई, जब मैनेजर रामचंद्र सुबह पेट्रोल पंप पहुंचे तो केबिन का शीशा टूटा देखा। पुलिस घटनास्थल पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपने पुत्र सुमित को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का वास्ता न होगा। टेकपाल पुत्र ताराचन्द, निवासी- ग्राम हर्रैया मजरा, क्योलड़िया, तह. नवाबगंज, जिा बरेली
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सत्यपाल व पुत्रवधु ऊषा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। नरायन लाल पुत्र लौकीराम निवासी ग्राम कल्यापुर थाना भुता पो. फैजनगर तहसील फरीदपुर जिला बरेली।
आर्यन्स रेस्टोरेन्ट
पीलीभीत बाईपास बरेली पर तेज गति से रोटी बेलने वाले हैल्पर और झाड़ू पोंछा सफाई वाले की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार, रहना खाना फ्री।
फोन : 9027526127
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

डीआरएम रेखा बनीं स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर सम्मानित

बरेली। गोरखपुर स्थित पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय पर आयोजित 68 वें रेल सप्ताह समारोह में इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव को स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिए गए। महाप्रबंधक ने इज्जतनगर मंडल को अंतरमंडलीय परिचालन, विद्युत, लेखा, कार्मिक, कर्षण वितरण कार्यकुशलता पर शील्ड दीं।

बाइकों की टक्कर में दंपती घायल, रेफर किए

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर हीरा निवासी मुकेश कुमार अपनी पत्नी पूजा देवी के साथ शनिवार शाम बाइक से जा रहे थे। गांव उगनापुर के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दपंति घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया गया। हालत गंभीर होने पर मुकेश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस कर्मी बनना चाहते थे दो भाई, हादसे में चली गई जान

धामपुर-नूरपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

नूरपुर (बिजनौर)

अमृत विचार : क्षेत्र में शुक्रवार रात धामपुर मार्ग पर गांव ढेली अहीर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। शनिवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए धामपुर से घर लौट रहे थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव मुराहठ निवासी कुलवंत सिंह (22) देहरादून में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। शनिवार को नजीबाबाद में उसे पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होना था। इसके लिए वह शुक्रवार रात ट्रेन से धामपुर पहुंचा था। धामपुर से घर आने के लिए उसने अपने छोटे भाई बिट्टू (19) को स्टेशन बुला लिया।

▸▸ **पुलिस भर्ती परीक्षा देने निकले थे दोनों, काफी दिनों से कर रहे थे परीक्षा की तैयारी**

देर रात दो बजे दोनों भाई बाइक से घर आ रहे थे। इस दौरान धामपुर-नूरपुर रोड पर गांव ढेला अहीर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी जेब से मिले मोबाइल से पहचान कर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने मृतकों के चचेरे भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

काफी होनहार थे कुलवंत और बिट्टू

नूरपुर। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात हादसे में जान गंवाने वाले सगे भाई कुलवंत और बिट्टू काफी होनहार थे। दोनों काफी दिनों से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे थे। कुलवंत काफी दिनों से देहरादून में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसने इस बार पुलिस भर्ती का फार्म भरा था। छोटा भाई बिट्टू भी पुलिस की तैयारी कर रहा था। शनिवार को दोनों नजीबाबाद में परीक्षा में शामिल होते थे। दोनों भाईयों को एक साथ परीक्षा देने जाना था, लेकिन इससे पहले यह हादसा हो गया। बताया गया कि वह तीन बहन भाई थे। परिवार में केवल एक बहन ही बची है। पिता मलूक सिंह किसान हैं। कुलवंत सबसे बड़ा था। उससे छोटी बहन कोमल व सबसे छोटा बिट्टू था। दोनों भाइयों की एक साथ हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। माता संतोष देवी व बहन कोमल का रो रोकर बुरा हाल है। दोनों भाइयों की एक साथ अर्थी उठी तो गांव में सभी की आंखें नम हो गईं।

महिला को मारकर खा गया बाघ

बिजनौर, अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ उपखंड के अंतर्गत ढेला के जंगल में बाघ ने महिला को मारकर खा लिया। वन विभाग की टीम ने 40 राउंड फायर कर महिला के शव को बाघ से छुड़ाया। महिला लकड़ी बीनने गई थी। बताया गया कि ढेला गांव निवासी कलावती उर्फ कला (48) अन्य महिलाओं के साथ शनिवार को जंगल में लड़कियां बीनने के लिए गई थीं। तभी बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और जंगल में खींच कर ले गया। अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने जंगल में महिला को खोजना शुरू किया तो बाघ महिला के शव को खा रहा था। बाघ को भगाने के लिए वन विभाग की टीम ने प्रयास किया, लेकिन बाघ नहीं भागा। इसके बाद वन कर्मियों ने 40 राउंड फायरिंग की और बाघ को भागकर महिला के शव को छुड़ाया। वन रेंजर अजय सिंह ध्यानी ने बताया कि बाघ ने महिला के शरीर के कुछ भाग को खा लिया था। शव को छुड़ाने के लिए 40 राउंड फायर करने पड़े।

युवक का भाई के घर के शौचालय में मिला शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार: शहर के मोहल्ला नई बस्ती रेती में एक युवक का शव शौचालय में मिला है। वह अपने भाई के यहां रह रहा था। वह यहां रहकर नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। भाई सीतापुर गया था, जिसे लौटने पर घटना की जानकारी हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कनपटी में चोट के निशान थे।

लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव दशरथपुर निवासी कुलदीप (27) के भाई अनिल कुमार रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती में किराए के मकान में रहते है। अनिल कुमार भूमि सरंक्षण कार्यालय में बाबू है। उनकी पत्नी सीतापुर में एक प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका है, जो सीतापुर में ही रहती है। कुलदीप अपने भाई के पास रहकर नौकरी के लिए कंप्टीशन की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार सुबह अनिल कुमार पत्नी के पास सीतापुर चले गए। कुलदीप घर में अकेला रह गया।

▸▸ **खीरी का रहने वाला था युवक भाई के पास रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था**

अनिल के मुताबिक उन्होंने शुक्रवार रात आठ बजे कुलदीप को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मोहल्ले में अपने मित्र सुधीर वर्मा को फोन किया। सुधीर ने जाकर सुनील के घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। मगर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। इस बीच मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। सुधीर वर्मा लोगों के साथ मकान की छत से होकर जीने से नीचे उतरकर आए। उन्होंने देखा कि कुलदीप का शव शौचालय में पड़ा था। इसका पता लगने पर सुनील रात ही में पत्नी के साथ घर पहुंच गए। उन्होंने रामचंद्र मिशन थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला मौके पर जा पहुंचे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कनपटी में चोट के निशान पाए गए है। थाने पर कोई तहरीर नहीं आई है।

लुईस खुर्शीद-अतहर के गैर जमानती वारंट वापसी की अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली: पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी एवं डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की प्रोजेक्ट मैनेजर लुईस खुर्शीद और सचिव अतहर फारूखी के कोर्ट में हाजिर न होने पर उनके विरुद्ध स्पेशल जज एमपी/एमएलए शाम्भवी ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। लुईस और अतहर के वकील ने इस वारंट को वापस लिए जाने को कोर्ट में अर्जी दी। अदालत ने अर्जी खारिज कर दी। मामले में सुनवाई को एक मार्च की तिथि तय की है। सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि इंस्पेक्टर रामशंकर यादव ने 29 जुलाई 2017 को भोजीपुरा में धोखाधड़ी, गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने ट्रस्ट को प्रदेश के जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगजन को उपकरण आदि वितरण किए जाने के लिए 71.40 लाख का अनुदान दिया। जिले में भोजीपुरा क्षेत्र में 21 दिव्यांगों को तीन लाख के उपकरण वितरित किया जाना दिखाया, जो जांच में फर्जी निकला।

दस लाख में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने वाले चार गिरफ्तार

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : भमोरा थाना क्षेत्र से एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में दस लाख रुपये में पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ सीओ अब्दुल कादिर के नेतृत्व में गठित टीम के अनुसार भमोरा क्षेत्र में पुलिस भर्ती परीक्षा में साल्वर गिरोह सेंध लगाने की कोशिश में है। एसटीएफ की टीम ने थाना क्षेत्र के महेश गुप्ता के घर पर दबिश देकर सरगना समेत चार लोगों को दबोच लिया। टीम ने आरोपियों के कब्जे से ब्लूटूथ, डिवाइस, छह सिम कार्ड, चार फर्जी मोहर, सात मोबाइल फोन, छह बैट्री सेल, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, बैंक की चेकबुक, पासबुक, एटीएम, चार हजार कैश, समेत एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद की है। पूछताछ में गिरोह के सरगना पंकज शर्मा ने बताया कि पहले उसकी योजना ऑनलाइन परीक्षा में धांधली करने की थी, इसलिए ऑनलाइन परीक्षा का पूरा सेट-अप तैयार किया था, लेकिन परीक्षा ऑफ लाइन होने के कारण उसकी योजना सफल नहीं हो पाई। जिसके बाद वह पेपर आउट कराने और परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी की कोशिश की। शिवम और गौरव का काम अभ्यर्थियों से पैसे की बात करना था। इसके बदले में प्रत्येक अभ्यर्थी से 10 लाख की बात तय करके 10 हजार रुपये एडवांस लेना था। उसने बताया कि डिवाइस जूते में छुपा कर ले जाते और परीक्षा केंद्र के बाहर से बताकर ब्लूटुथ के माध्यम से पेपर साल्व कराते, लेकिन परीक्षा केन्द्रों में जैमर होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो सका। इस बीच यह पेपर लीक कराने के लिए कोशिश में थे इससे पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए।

▸▸ **पुलिस परीक्षा में सेंधमारी की थी तैयारी, ऑफलाइन हुई तो हुए फेल**

▸▸ **एक कार, नौ ब्लूटूथ, छह प्रवेश पत्र और डिवाइस बरामद**

> प्रत्येक अभ्यर्थी से 10 लाख रुपये लेकर परीक्षा पास कराने वाले साल्वर गिरोह सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ भमोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।
> **-अब्दुल कादिर**, सीओ एसटीएफ बरेली

भमोरा क्षेत्र में लगाए थे 200 कंप्यूटर सिस्टम

सरगना ने भमोरा थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलेज के पास में किराए पर एक हाल लिया था। हाल में उसने 200 कंप्यूटर लगा कर एक सेटअप तैयार किया था। जहां से वह डिवाइस के माध्यम से नकल करा कर परीक्षा में धांधली करता। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा राशिद अली, मुख्य आरक्षी गिरिजेश पोशवाल, संदीप कुमार, शिवओम पाठक, नितिन, रामजीलाल, सिपाही संजय कुमार समेत रामकिशन वर्मा शामिल थे।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 50 हजार

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : सुभाषनगर निवासी महिला ने रिश्तेदार पर अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर जेवर और दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि अब आरोपी इन्स्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। महिला की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के मुताबिक उनकी बहन की सुसराल हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में है। तीन साल पहले वह बहन के बेटे जन्म पर उनके घर गई थीं। वहीं पर बहन की ननद के बेटे ने उनका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। एक दिन व्हाट्सएप पर आरोपी ने उनकी अश्लील फोटो भेज दी और रुपये की मांग करते हुए मिलने को कहा। नौ जुलाई 2023 को आरोपी के कहने पर वह दोनों बेटियों के साथ अपने जेवर और पति के दो लाख रुपये लेकर अलीगढ़ चली गईं। इस मामले में उनकी मां ने बिसौली थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

▸▸ **आरोपी पीड़िता की बहन की ननद का है बेटा, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

आरोपी के माफी मांगने पर वह पति और बेटियों के साथ रहने लगीं। आरोप है कि 14 फरवरी को आरोपी ने उनके पति के नाम से फर्जी इन्स्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो और फोटो रिश्तेदारों को भेज दिए और 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। आरोप है कि इसमें आरोपी की चाची भी सहयोग कर रही है। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।वहीं आरोपी ने आरोपों को निराधार बताया है।

अगले शैक्षिक सत्र की तैयारी, जिले में पहुंची सरकारी किताबों की खेप

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अगले शिक्षा सत्र 2024-25 में समय से किताबें मिलने की पूरी उम्मीद है। इस बार तीन माह पहले ही किताबों की खरीद की गई है। 17 फरवरी तक मांग के सापेक्ष 11 लाख 51 हजार 605 (25 प्रतिशत) किताबें विभाग के गोदामों में पहुंच गईं। विभाग ने कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए 44 लाख 37 हजार 064 किताबों की खरीद की है। पिछले वर्षों में किताबों की खरीद प्रक्रिया में देरी के कारण आधा शिक्षा सत्र बीत जाने पर किताबों की आपूर्ति होती थी, जिससे बच्चों को बिना किताबों के ही पढ़ाई करनी पड़ती थी। इस बार विभाग ने चालू शिक्षा सत्र 2023-24 में ही अगले शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए किताबों की खरीद की है। इससे बच्चों को समय से अप्रैल में किताबों का वितरण किया जा सकेगा। प्रकाशकों ने किताबों की खेप ट्रकों के जरिए भेजी है। जिला समन्वयक पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पोर्टल पर किताबों की फीडिंग कराई जा रही है, जिससे किताबों की संख्या में हेरफेर न हो सके। वितरण में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी।

विभाग के गोदाम में आई किताबों का निरीक्षण करते जिला समन्वयक पुष्पेंद्र श्रीवास्तव।

▸▸ **25 प्रतिशत किताबें गोदामों में पहुंची, अप्रैल में बंटनी शुरू होंगी किताबें**

> कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए किताबों की आपूर्ति प्राप्त हो रही है, अब तक 25 प्रतिशत किताबें मिल चुकी हैं। मार्च तक शत प्रतिशत किताबों की आपूर्ति मिल जाएगी। कक्षा एक और दो के बच्चों के लिए किताबों की खरीद अभी नहीं हुई है, जिसके लिए जल्द वर्क आर्डर जारी किया जाएगा।
> **प्रवीण कुमार तिवारी**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

करंट लगाकर महिला को किया मारने का प्रयास

रामपुर, अमृत विचार : घरेलू कलह के चलते ससुरालियों ने महिला को करंट लगाकर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि महिला ने देवर पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का विवाह छह साल पहले पास के एक गांव के रहने वाले दिनेश से हुआ था। महिला की दो बेटियां हैं। महिला के पति ने बिना बताए दूसरी शादी कर ली। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता था। 14 फरवरी को देवर ने छेड़खानी की। इसके बाद भी ससुरालियों ने कई बार पीड़िता को बिजली का करंट लगाकर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति दिनेश, गणेश, रूपवती व छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जितिन के आने की चर्चाओं के बीच कुतुबखाना पुल ने पकड़ी रफ्तार

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : कुतुबखाना पुल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। डामर की सड़क बिछाने के साथ लाइटें, व्यू कटर पर फाइबर शीट लगाने का भी काम तेज हो गया है। अगले सप्ताह पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के पुल का निरीक्षण करने की चर्चा है। हालांकि अफसर लिखित जानकारी से इन्कार कर रहे हैं।

पिछले दिनों वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाज, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कार्यदायी संस्था, सेतु निगम और स्मार्ट सिटी के अफसरों के साथ कोहाड़ापीर से कोतवाली तक पुल पर पैदल चलकर निरीक्षण किया था। इस दौरान वन मंत्री ने पहली मार्च को पुल शुरू करने की आखिरी डेडलाइन तय कर दी थी। सेतु निगम ने दावा किया था कि सड़क बिछाने का काम 15 फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा व्यू कटर, बिजली के खंभों पर लाइटें आदि लगाने के काम 25 फरवरी तक पूरा हो जाएंगे।

▸▸ **डामर सड़क, व्यू कटर पर फाइबर सीट, लाइटें लगाने समेत कई काम किए जा रहे हैं**

शनिवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के अगले सप्ताह बरेली आने की जानकारी मिलते ही अफसरों ने और तेजी दिखाई है। कार्यदायी संस्था ने युद्धस्तर पर काम कराना शुरू कर दिया है। सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि पुल पर सड़क का निर्माण 20 फरवरी तक पूरा होज जाएगा। इसके अलावा व्यू कटर, पुताई, बिजली के खंभे समेत बाकी सभी काम 25 तक पूरे करने के बाद 28 फरवरी या एक मार्च को पुल का उद्घाटन कर दिया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी मंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम अभी नहीं मिला है, हालांकि उनके आने को लेकर चर्चाएं हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 111 करोड़ रुपये से 1280 मीटर लंबे कुतुबखाना पुल का निर्माण सितंबर 2022 में शुरू हुआ था। 31 दिसंबर 2023 तक यह काम पूरा करना था। सेतु निगम के महाप्रबंधक केएन ओझा का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को एक मार्च से ट्रैफिक चालू कराने का भरोसा दिया है।

मुकदमे में समझौते को एटा गया युवक लापता अनहोनी की आशंका

बरेली, अमृत विचार : बरेली के युवक को एटा में मुकदमे के समझौते के लिए बुलाया गया, लेकिन 14 दिन के बाद भी वह घर नहीं लौटा। पत्नी ने एटा पुलिस से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। युवक के भाई ने शनिवार को एसएसपी को शिकायती पत्र दिया।

शास्त्रीनगर निवासी प्रशांत वर्मा ने बताया कि उनके भाई सचिन वर्मा से एटा के अलीगंज के मोहल्ला रामप्रसाद चौधरी निवासी दूसरे पक्ष एक व्यक्ति से धोखाधड़ी और जमीन के संबंध में न्यायालय में वाद विचाराधीन है। दो को दूसरे पक्ष ने तीन को समझौते के लिए अलीगंज बुलाया। रात में सचिन के साले सुमित के वाट्सएप पर सचिन का मेसेज आया कि दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने उसे पीटा है, जिससे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इसके बाद सचिन का मोबाइल बंद हो गया।

किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को 20 साल की कैद

रामपुर कार्यालय

अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में शनिवार को एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर दो लाख सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाला एक ग्रामीण 24 फरवरी 2018 को किसी काम से कहीं गया था। जब वह घर वापस आया तो उसकी पत्नी ने बताया कि उसकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। यह सुनकर ग्रामीण के होश उड़ गए थे। उसके बाद बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पीड़िता के बयानों के आधार पर दानिश को नामजद किया गया था। इसमें दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। विवचेना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इसकी सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। शनिवार को पीठासीन अधिकारी ने दानिश को दोषी करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि अदालत ने दानिश पर दो लाख सात हजार का जुर्माना भी लगाया है। पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

▸▸ **एडीजे आठ की कोर्ट ने सुनाया फैसला, शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला**

किसान ने खुद को मारी गोली, मौत

अफजलगढ़ (बिजनौर): अमृत विचार : गांव खुशहालपुर में खालसा फार्म के पास किसान दलजीत सिंह (55) ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह कर्ज से तनाव में थे। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। एक सुसाइड नोट भी मिला है। गांव खुशहालपुर में जसवंत सिंह का परिवार रहता है। उनके पुत्र दलजीत सिंह किसान थे। शनिवार दोपहर 2 बजे परिजन कहीं गए थे। इस बीच घर में दलजीत ने खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी कुलवंत कौर ने बताया कि घर में सब कुछ सामान्य था। उसके भाई का फोन आया कि जीजा आत्महत्या करने के लिए कह रहे हैं। फोन सुनने के बाद जाकर देखा तो उनका लहुलुहान शव बरामदे में पड़ा था। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ अर्चना सिंह ने बताया कि मामले में सारे पहलुओं पर जांच की जा रही है।

प्रयास बड़े विवाद का रूप ले रहीं छोटी बातें, काउंसिलिंग से जोड़े जा रहे रिश्ते

विश्वास की नींव पर रिश्तों की इमारत...खोखला कर रहा शक का कीड़ा

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : समय के साथ रिश्तों में भी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पति-पत्नी के रिश्ते जीवन भर एक-दूसरे के सुख में साथ देने की गारंटी हैं, लेकिन छोटी-छोटी बातें बड़े विवाद का रूप ले रही हैं, इससे रिश्तों की डोर कमजोर होती जा रही है। विश्वास की नींव पर खड़ी होने वाली पति-पत्नी के रिश्तों की इमारत को मोबाइल तो कहीं प्रेम प्रसंग का शक खोखला कर रहा है। ऐसे मामले कोर्ट और थानों में पहुंच रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं।

जनवरी से अब तक करीब 500 से अधिक दंपतियों की काउंसिलिंग हुई है, इसमें कुछ तो एक साथ रहने को राजी हो गए हैं, लेकिन जो अलगाव की जिद पर अड़े हैं, उनकी प्रक्रिया चल रही है। औसतन 20 से 25 मामलों की रोजाना काउंसिलिंग की जा रही है। इसमें पारिवारिक न्यायालयों से लेकर कोतवाली और थानों पर आने वाले मामले भी हैं।

पीएलवी दिखाती हैं उम्मीद की किरण: घरेलू हिंसा के मामलों में सुनवाई से पहले रिश्तों को टूटने से बचाने के लिए काउंसिलिंग होती है। न्यायालयों से काउंसलर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय आते हैं। काउंसिलिंग के लिए आने वाले पत्नी-पत्नी या अन्य संबंधित लोगों को विधिक परामर्श देने के लिए पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर) साधना कुमारी, प्रभा गंगवार हैं। दोनों महिलाएं विधिक सलाह देकर रास्ता दिखाती हैं।

पिछले वर्ष 324 मामलों का निस्तारण

वर्ष 2023 में चार लोक अदालतें लगाई गईं, इसमें 11 फरवरी को 109 में से 78, 21 मई को 165 पारिवारिक मामलों में से 113, 9 दिसंबर को 121 में से 70, 9 सितंबर को 97 में से 63 मामलों का निस्तारण कराया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार एक वर्ष में 492 में से 324 मामलों का निस्तारण कराया गया। इसमें एक साथ रहने को भी दंपती राजी हुए तो कुछ अलग भी हुए। इस वर्ष नौ मार्च को लोक अदालत होनी है।

केस-1 एक महिला फोन पर मायके बात करती थी। इसपर पति को आपत्ति थी। दोनों में विवाद होने लगा। मामला थाना पहुंच गया। सुलह के लिए मामला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में काउंसलर के पास पहुंचा, जहां पर काउंसिलिंग के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए।

केस-2 नौ साल की एक बालिका ने पिता से भरण पोषण के लिए वाद दायर किया। उसकी मां की मौत हो चुकी है। दोनों बहनें ननिहाल में रहती हैं। वहां की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस वजह भरण पोषण, पढ़ाई लिखाई के लिए बालिका ने कानून का सहारा लिया है। वह पिता के साथ जाने को राजी नहीं है।

केस-3 एक महिला पति को तलाक देकर प्रेमी के साथ रह रही है। उसकी बेटी इंटर की छात्रा है। महिला चाहती है कि बेटी उसके साथ रहे, लेकिन लड़की पिता को छोड़कर नहीं जाना चाह रही है। मामले में काउंसिलिंग शुरू हुई है। उसने काउंसिलिंग टीम को बताया कि मां मारती-पीटती हैं।

▸▸ **काउंसिलिंग को रोज पहुंच रहे 25 मामले, रिश्तों की कड़वाहट को कम कर रहे काउंसलर, पीएलवी**

केस-4 नवाबगंज क्षेत्र की एक महिला की शादी को छह साल हो गए हैं। उसकी कोई संतान नहीं है। पति, सास परेशान करते हैं। ताने मारते हैं। घरेलू हिंसा से परेशान होकर महिला ने मदद के लिए कानून का सहारा लिया है। काउंसिलिंग में महिला ने कहा कि अगर उसे बच्चे नहीं हो रहे हैं तो उसमें मेरा क्या दोष है।

पुलिस परीक्षा के चलते रेलवे ने ब्लॉक बढ़ाया आगे

बरेली, अमृत विचार: पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए इज्जतनगर रेल मंडल की तरफ से कासगंज-मारहरा स्टेशनों के बीच पड़ने वाले ब्रिज पर गर्डर लॉन्चिंग को टाल दिया गया है। यहां ब्लॉक लिया गया था और कासगंज-अछनेरा पैसेंजर ट्रेन भी निरस्त की गई थी। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि कासगंज-मारहरा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 402 पर गर्डर लॉचिंग के लिए 18 फरवरी रविवार का ब्लॉक लिया था। अब यह ब्लॉक 19 फरवरी यानी सोमवार को लिया जाएगा। लिहाजा सोमवार को 05347/05348 कासगंज-अछनेरा-कासगंज अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। सोमवार को 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस कासगंज में 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

आठ वाहन चोर दबोचे गए, 16 बाइक बरामद

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : पुलिस ने बरातघरों व अन्य स्थानों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत आठ वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में गिरोह सरगना राकेश ने बताया कि वह बेरोजगार है। वह बाइक चोरी करता है। वह साल 2020 में वाहन चोरी में जेल गया। जेल से आने के बाद उसने यशपाल, प्रदीप, अजित के साथ मिलकर थाना आंवला के कई बैंक्वेट हाल के बाहर से और थाना मीरगंज, भमोरा, सुभाषनगर क्षेत्र से बाइक चोरी कीं। यशपाल चोरी की बाइक को अपने गांव के मुनीश, जहीर, दयाशंकर अवधेश को 15 से 20 हजार रुपये में बेच देता था। साथ ही आरोपी नंबर प्लेट बदल कर चलते थे, ताकि पुलिस चैकिंग के दौरान न पकड़े जाएं। पुलिस के अनुसार बदायूं रोड स्थित देवी पुल के पास चेकिंग के दौरान चार बाइक पर सवारों को गिरफ्तार किया गया।। ई-चालान एप से पता चला कि नंबर प्लेट फर्जी है। राकेश, यशपाल और प्रदीप के खिलाफ 12, दयाशंकर, अवधेश सिंह और मुनीश पाल के खिलाफ तीन, जहीर के खिलाफ दो और अजीत के खिलाफ 13 मुकदमे बरेली, दिल्ली और बदायूं के थानों में दर्ज हैं। एसपी देहात मुकेश चन्द मिश्रा ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस गैंग पंजीकरण करा कर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करेगी। साथ ही इन सभी के खिलाफ हिस्ट्रीशीटर की भी कार्रवाई होगी।

भाइयों की जगह परीक्षा देने पहुंचे दो सिपाही समेत 11 पकड़े

पुलिस भर्ती परीक्षाः आगरा में पुलिस और एसटीएफ की कार्रवाई, सुबह छह और शाम की पाली में हत्थे चढ़े पांच सॉल्वर

संवाददाता, आगरा

अमृत विचारः आगरा में पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से दोनों पालियों में 11 सॉल्वर दबोचे। इनमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जो अपने भाइयों की जगह परीक्षा देने पहुंचे थे लेकिन इनकी बायोमेट्रिक मैच नहीं हुई और पकड़े गए। पुलिस इनकी जांच कर रही है। वहीं पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते करीब डेढ़ लाख लोगों के आगरा पहुंचने की वजह से शहर में जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में पुलिस ने 11 सॉल्वर पकड़े। सुबह पाली में छह और शाम की पाली में पांच सॉल्वर पकड़े। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि 11 सॉल्वर पकड़े गए हैं। रात तक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सभी से पूछताछ की जा रही।

10 लाख रुपए में पास कराने का ठेका लेने वाले दो ठग गिरफ्तारः परीक्षा में पास कराने का ठेका लेने वाले दो ठगों को हरीपर्वत थाना पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया। ये लोग 10-10 लाख में पास कराने का ठेका लेते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह लोग बातों में फंसाकर अभ्यर्थियों से पैसे एडवांस के नाम पर 20 से 50 हजार रुपए ले लेते थे। जो अभ्यर्थी पास हो जाते थे, उनसे पूरी रकम वसूलते थे और जो पास नहीं हो पाते थे उनके पैसे नहीं लौटाते थे। 17 और 18 फरवरी दो दिन पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। जहां एक ओर इस परीक्षा के लिए शुक्रवार से परीक्षार्थी आगरा पहुंचना शुरू हो गए थे, वहीं दूसरी ओर दलाल और सॉल्वर गैंग भी सक्रिय हो गया। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि परीक्षार्थियों को झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह आगरा में सक्रिय है। ठगों के गिरोह को पकड़ने के लिए हरीपर्वत थाना प्रभारी आलोक कुमार और एसटीएफ निरीक्षक यतेंद्र शर्मा ने अभ्यर्थी बनकर जालसाजों से संपर्क किया। दीवानी पर दो ठगों को पकड़ा। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि पुलिस परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करतार सिंह निवासी भरतपुर और अलीगढ़ इगलास निवासी टिंकू को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सिटी ने बताया कि करतार सिंह अभ्यर्थियों से संपर्क कर उन्हें भर्ती बोर्ड में सेटिंग की बात बताकर अपनी बातों में फंसाता था। चेक भरवाकर हस्ताक्षर कराकर रख लेता था।

जाम से निपटने को लगाया अतिरिक्त पुलिस बलः एसीपी ट्रैफिक सैयद अरीब अहमद ने बताया कि शहर में करीब डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना थी। जाम की स्थिति पैदा न हों, इसके लिए दो दिन शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। सभी प्रमुख चौराहों जैसे कि सिकंदरा, आईएसबीटी, वाटर वर्क्स, टेढ़ी बगिया आदि सभी पर अतिरिक्त पुलिस तैनात रहा।

पुलिस गिरफ्त में पुलिस भर्ती में पास कराने वाले ठग। ● अमृत विचार

90 केंद्रों पर हुई परीक्षा, पूछा-आपात स्थिति का कैसे करेंगे सामना

आगरा में 90 केंद्रों पर हुई परीक्षा की सुबह 10 :30 बजे से 12 :00 बजे की पाली में जो प्रश्न पत्र आया था वह परीक्षार्थियों को काफी आसान लगा। उनका कहना था कि कुछ प्रश्न लंबे थे। करीब 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इन केंद्रों पर 24 सचल दस्तों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थियों का यही कहना था कि पेपर ज्यादा कठिन नहीं था, लेकिन गणित के कुछ प्रश्नों ने उलझाकर रख दिया। कुछ प्रश्न ऐसे भी थे जो काफी लंबे होने के कारण उनमें जरूरत से ज्यादा समय लग गया। सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पेपर में पूछे गए। जिनमें पूछा कि यदि आप पुलिस में भर्ती होते हैं तो किस तरह से स्थिति को कंट्रोल करेंगे। किसी विवाद की स्थिति को किस तरह से निपटाएंगे।

जाम ने बिगाड़ी शहर की चाल

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए। सभी केंद्रों पर पुलिस तैनात और मजिस्ट्रेट ड्यूटी के अलावा केंद्रों पर ड्रोन से भी नजर रखी गई। परीक्षा खत्म होने के बाद एमजी रोड पर लंबा जाम लग गया। जाम से निपटने के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि 90 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। तीन परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है। 20 एसीपी की भी ड्यूटी लगाई।

सॉल्वर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

हाथरस। सदर कोतवाली पुलिस और एसटीएफ टीम की संयुक्त कार्रवाई में यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर सॉल्वर बैठाने वाले तथा पेपर लीककर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए। एक सदस्य अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के पास से 46 प्रवेश पत्र यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, 36 प्रवेश पत्र अन्य प्रतियोगी परीक्षा, दो खाली चेक, पांच मोबाइल फोन, चार आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ है। एसटीएफ इकाई नोएडा के उप निरीक्षक दीपक कुमार द्वारा सदर कोतवाली पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। सदर कोतवाली पुलिस अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

ताजगंज में एक स्कूल में तीन बार हुई चोरी

आगरा, अमृत विचार : थाना ताजगंज क्षेत्र की एकता चौकी के तहत खेड़ा पचगाई में एक निजी विद्यालय को चोर लगातार निशाना बना रहे हैं। इसी स्कूल में तीसरी बार चोरी की। स्कूल प्रबंधक जयप्रकाश नारायण शर्मा ने बताया कि खेड़ा पचगानी नहर पर आठवीं तक अपना विद्यालय चलते हैं। विद्यालय में सेंध लगाकर शुक्रवार की रात चोरों ने चोरी की। शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई, उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने जांच की। प्रबंधक जय प्रकाश शर्मा का कहना है कि विद्यालय में 30 जनवरी के बाद चोरियां हो रही हैं। इससे पहले 30 जनवरी फिर 6 फरवरी को चोरी हुई। शातिर स्कूल के दरवाजे उखाड़ने के साथ अंदर रखे सामान को ले गए। जरूरी कागजातों के साथ-साथ स्टीरियो, डेक मशीन, पीतल का घंटा, टीवी की प्लेट, कांटे की मशीन, माइक आदि इलेक्ट्रॉनिक्स सामान चुराकर ले गए।

पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

संवाददाता, आगरा

अमृत विचारः आगरा के खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के नदवपुर के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने 42500 रुपए नगद, तीन तमंचे, तीन जिंदा कारतूस बरामद किए।

एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बाइक पर सवार तीन बदमाश खन्दौली के यमुना एक्सप्रेस-वे नादउ पुल के पास सर्विस रोड की ओर से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस और एसओजी की टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने बदमाशों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरे को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पवन पुत्र पूरन सिंह निवासी बटपुरा हाथरस, राहुल पुत्र जयपाल सिंह और हरिया उर्फ हरिचंद पुत्र मांगेलाल को गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश शातिर हैं। इन लोगों ने किरावली क्षेत्र में एक फाइनेंस कर्मी की आंखों में मिर्ची डालकर लाखों की लूट की थी।

मुठभेड़ में पकड़े गए दो बदमाश। ● अमृत विचार

दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष का कारावासः आगरा। शाहगंज थाना पुलिस और मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी की वजह से दुष्कर्म के आरोपी दागौर पुत्र बनवारी निवासी बाग नानक चंद्र को कोर्ट ने सात वर्ष का कारावास सुनाया है। 30 हजार का अर्थदंड भी डाला।

तीन चोरों को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

संवाददाता, फिरोजाबाद/टूंडला

चोरी का यह सामान हुआ बरामद

टूंडला। चोरों के कब्जे से 13 सरिया बंडल लोहा, 2 अदद स्टील के दरवाजे के पल्ले, 1 चौखट स्टील, 2 रेलिंग स्टील, 15 हजार रुपये नगद, लोडर विक्रम टैम्पो, 1 बाइक, टाटा लोडर आदि सामान लगभग 11 लाख बरामद हुआ है।

अमृत विचारःकई स्थानों पर गैंग बनाकर चोरी करने वाले तीन चोरों को थाना टूंडला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि चार चोर भाग गए। पकड़े चोरों के पास से चोरी के माल सहित दो गाड़ी पकड़ी गईं, जिनकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना परिसर में प्रेसवार्ता करते हुए शनिवार को क्षेत्राधिकारी अनिवेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना मिली कि मोहम्मदपुर में तीन चोर चोरी के माल सहित खड़े हैं। मौके पर पहुंची थाना टूंडला पुलिस तीनों चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनकी तलाशी लेने पर 11 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान तीनों चोरों ने बताया कि 6 व्यक्ति गैंग बनाकर रात्रि में मण्डी आदि से अनाज, निर्माणाधीन घरों से सरिया व लोहे का सामान, बन्द घरों में गेट का कुन्दा काटकर, सड़क या घरों के सामने खड़े जनरेटर के अल्टीनेटर को रिन्चों से खोलकर चोरी कर लेते हैं। दुकानों के बाहर सड़क पर रखे हुए स्टील व लोहे के जंगलें आदि सामान की चैन काटकर चोरी करते हैं। गौरव के घर पर लाकर रख देते हैं। मौका मिलते लोहे का छुटपुट सामान और अल्टीनेटर का तांबा निकाल पचोखरा में रुपेन्द्र पुत्र राजबीर निवासी जारखी थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद की कबाडे.की दुकान पर बेचते थे। फ्रेश स्टील व लोहे के दरवाजों को ग्राहक ढूंढ़कर नये बन रहे घरों के लोगों को कम दाम में बेचते थे। चोरों ने कई स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित ने साइबर सेल, सीसीटीवी फुटेज की सहायता से चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने नाम गौरव पुत्र लाल सिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद उम्र 19 वर्ष, कुलदीप सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी नगला गौला कुबेरपुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा उम्र 19, सौरभ कुमार पुत्र हरी सिंह निवासी कोटकी थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद उम्र 20 वर्ष बतायी। जबकि रवि पुत्र लाल सिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूंडला, विवेक उर्फ लूला पुत्र नरेन्द्र निवासी मोहम्मदपुर थाना टूंडला, जितेन्द्र उर्फ कुक्कू पुत्र हरिप्रसाद निवासी नगला गोला कुबेरपुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा, रुपेन्द्र पुत्र राजबीर निवासी जारखी थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद फरार हैं। जो गैंग के मास्टर माइंड हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित, उपनिरीक्षक जय सिंह, उपनिरीक्षक विवेक सिंह, दिलीप कुमार, सुशील कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सुरजीत सिंह, रौकी तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार आदि प्रमुख है।

नाला निर्माण को लेकर हंगामा, जमकर नारेबाजी

संवाददाता, आगरा

अमृत विचारः ब्लॉक बरौली अहीर की ग्राम पंचायत रजरई और नगला कली सहित दर्जनों कॉलोनी वासियों ने पक्का नाला नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। कच्चे नाले के निर्माण को रुकवा दिया। अधिकारियों ने समझने का प्रयास किया लेकिन नाला निर्माण की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

स्थानीय निवासी भगवान शर्मा ने बताया है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से लगातार कॉलोनी वासी विकास की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। विकास की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह के द्वारा कच्चे नाले की खोदाई कराकर और गांव में सफाई कराई गई। शुक्रवार को कॉलोनी वासियों ने एकत्रित होकर एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया और नाले का कार्य रुकवा दिया है।कॉलोनी वासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा है कि कच्चा नाला लोगों के लिए मुसीबत बन जाएगा। जहां अनेक प्रकार की जल भराव के चलते बीमारियां फैलेंगी तो वहीं स्कूल जाने वाले छात्राएं और राहगीर परेशान रहेंगे और चोटिल होने की संभावना रहेगी।2024 के चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही है। खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार ने लोगों को आश्वासन दिलाया है कि गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे। सफाई अभियान रोजाना चलाया जा रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत भीमलौर रसूलपुर, विकास खंड मझगवां, जिला बरेली

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	(1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।
2	तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट)	(1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.)	
3	मलीय अवशिष्ट प्रबंधन	(1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट।	
4		सोमवीर के घर से जगन्नाथ के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य अनुमानित लागत 366371/-	
5		जगन्नाथ के घर से छोटे के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य अनुमानित लागत 366062/-	

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 19.02.2024 से 21.02.2024 अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दिनांक 21.02.2024 को सायं 4 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-रामनिवास यादव | सचिव-रूपराम

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बरखेड़ा-पीलीभीत

पत्रांक : 1851/आंकिक/क्षेत्रपंचायत/2023-24 | दिनांक : 17.2.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदायें इस कार्यालय द्वारा जारी शर्तो एवं अनुबन्धों के साथ दिनांक 05.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी/मनोनीत अधिकारी द्वारा सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदादता निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2024 को प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप. मी	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा मूल्य	धरोहर धनराशि
पंचम राज्य वित्त (मरम्मत)					
1.	विकास खण्ड कार्यालय का मैन गेट, बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।	-	9.90	725+GST	02 प्रतिशत
2.	विकास खण्ड परिसर में आवासों की मरम्मत एवं अन्य सुदृढ़ीकरण कार्य	-	9.30	725+GST	02 प्रतिशत
3.	ग्राम गुलड़ा मचवापुर में गांव (चंद्रसेन) से भानुप्रताप के खेत तक खडण्जा मरम्मत एवं मिट्टी कार्य।	133 मी.	1.99	725+GST	02 प्रतिशत
पंचम राज्य वित्त					
1.	ग्राम टिकरी माफी में पीलीभीत बीसलपुर मेन रोड से सरस हाट की तरफ इन्टरलॉकिंग कार्य।	135 मी.	9.90	725+GST	02 प्रतिशत
2.	ग्राम टिकरी माफी में मन्दिर से सरस हाट तक इन्टरलॉकिंग कार्य	100 मी.	7.42	725+GST	02 प्रतिशत
3.	ग्राम खरदाई में श्रीनिवास दीक्षित के खेत से ओमकार तिवारी के खेत की तरफ खडण्जा कार्य।	390 मी.	6.82	725+GST	02 प्रतिशत
4.	ग्राम उदरहा में नत्थूलाल के घर से पूरनलाल के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	115 मी.	6.19	725+GST	02 प्रतिशत
5.	पैनिया रामकिशन में राममूर्ति के घर से दीनदयाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण	60 मी.	2.04	725+GST	02 प्रतिशत
15वाँ वित्त अनटाइड					
1.	खामघाट में रामभरोसे लाल के घर से रघवर दयाल के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	135 मी.	7.47	725+GST	02 प्रतिशत
2.	ग्राम खमरिया पंडरी में पंडरी खमरिया मेन रोड से इब्राहिम के खेत की तरफ खडण्जा	175 मी.	3.80	725+GST	02 प्रतिशत
3.	रम्पुरा नत्थु में हरद्वारी लाल के खेत से बिरिया घाट तक खडन्जा कार्य	460 मी.	7.95	725+GST	02 प्रतिशत
4.	परासी रामकिशन में गांव से विचपुरी पुलिया की तरफ इन्टरलॉकिंग कार्य।	180 मी.	9.90	725+GST	02 प्रतिशत
5.	ग्राम सुहास में विनोद के घर से हेमराज के घर की तरफ इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य।	100 मी.	7.00	725+GST	02 प्रतिशत
6.	ग्राम बढैरा में पुलिया से चेतराम के खेत की तरफ खडन्जा एवं मिट्टी कार्य।	515 मी.	9.79	725+GST	02 प्रतिशत
7.	ग्राम शेखापुर (जगीपुर जैतपुर) में बारात घर निर्माण कार्य।	एक	9.90	725+GST	02 प्रतिशत

मुख्य शर्ते :-
1. कार्य 03 माह में समाप्त करना होगा।
2. कार्यादेश में उल्लिखित सभी शर्तो के अनुसार कार्य सम्पादित करना होगा।
3. निविदा स्वीकृति उपरान्त 03 प्रतिशत धरोहर धनराशि उपलब्ध करायी जानी अनिवार्य है। जो 01 वर्ष के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने पर वापस की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
बरखेड़ा-पीलीभीत

फरार अपराधी के लिए उद्घोषणा

अ.सं. 32/2019/ST. No. 616/2022 धारा 363/376(2N) IPC धारा पोक्सो एक्ट थाना भोजीपुरा बरेली में अभि. धर्मेन्द्र यादव पुत्र लाला राम नि. ग्राम मवई थाना भोजीपुरा, बरेली के न्यायालय में हाजिर न होने पर मा. न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट बरेली द्वारा धारा 82 द.प्र.सं. के अन्तर्गत फरार अपराधी घोषित किया कगया। आदेश की तामील उप.नि. श्री सुखदेव सिंह थाना भोजीपुरा बरेली द्वारा कराई गयी।

(सुखदेव सिंह)
उपनिरीक्षक
थाना भोजीपुरा, बरेली

सम्मन अपील

व अदालत वन्दो. अधिकारी चकबन्दी जिला बरेली अपील/निगरानी नम्बर 472 अपीलान्ट सन् 2023 रामदास आदि बनाम मुलोदेवी आदि रेस्पान्डेन्ट धारा 11 (1) उ. प्र. चक.अधि. अपील/निगरानी बनाराजी फैसला व डिग्री मुकदमा ग्राम मुड़िया मलूकपुर तह. नवाबगंज बरेली मुकदमा नम्बर 54/2021 सन् मुबर्खा 04 माह 8 सन् 2022 बनाम वेदराम, मोहनलाल पुत्र गंगा प्रसाद व इन्द्रपाल व हरीशंकर, रामकुमार पुत्र छोटेलाल व श्रीमती सावित्री देवी पत्नी चेतराम नि. ग्राम चौबारी पर.तह. नवाबगंज बरेली मुत्तला हो कि अपील निगरानी बनाराजी डिग्री व फैसला 4.8.22 मुकदमा वाला मैं अपीलान्ट/ निगरानीकर्ता ने पेश की है जिसमें ता. 05.03.2024 वास्ते समाअत अपील/निगरानी मुकर्रर की है अगर आप तारीख पर हाजिर अदालत न होंगे तो आपकी गैरहाजरी में समाअत अपील/ निगरानी की जावेगी।

आज व तारीख 15.02.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **जज**

न्यायालय श्रीमान अपर लघुवाद न्या., बरेली

मूल वाद सं.- 800 सन् 2023

नियाज मोहम्मद आदि बनाम वली मोहम्मद आदि।

बनाम

1. मोहम्मद फारूख उम्र लगभग 32 वर्ष, 1/2 मोहम्मद साऊद उम्र लगभग 45 वर्ष, 1/3 मो. सद्दाम उम्र लगभग 28 वर्ष, 1/4 मो. नौशाद उम्र लगभग 26 वर्ष, 1/5 मो. फामिद उम्र लगभग 50 वर्ष, 1/6 मो. फाऊद उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रगण स्व. वली मोहम्मद, 1/7 फातिमा उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्व. वली मोहम्मद, 1/8 शबाना उम्र लगभग 55 वर्ष, 1/9 यासमीन उम्र लगभवग 34 वर्ष 1/10 रूखसाना उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्रीगण स्व. वली मोहम्मद निवासीगण सिविल लाइंस मुस्तफा नगर थाना सुभाषनगर, जिला बरेली .... प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी वादीगणों ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि आप वतारीख 21.02.2024 अदालत या मारफत किसी वकील को मुकदमा हाजा से वसूली वाकिफ हो मय कागजात मुलकात के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज तारीख 25.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर / अदालत से जारी किया गया।

आदेशानुसार मुंसरिम
न्यायालय अपर लघु वाद न्यायाधीश, बरेली

न्यायालय श्रीमान अपर लघुवाद न्या., बरेली

मूल वाद सं.- 506 सन् 2023

सूर्य प्रकाश आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी- ग्राम अनन्दापुर लक्ष्मी नरायन पो. धौरेरा तहसील नवाबगंज, जिला बरेली ...... वादी

बनाम

1. नरेन्द्र पाल पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी- ग्राम अनन्दापुर लक्ष्मी नरायन पो. धौरेरा तहसील नवाबगंज, जिला बरेली 2. श्रीमती लक्ष्मी पत्नी अरविन्द उर्फ दाताराम निवासी- ईद जागीर, आसीन नगर, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली 3. आम जनता ...... प्रतिवादीगण

हरगाह मुसम्मी श्री सूर्य प्रकाश उपरोक्त दरखास्त सर्टीफिकेट मृतक सुखरानी पुत्री स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी- ग्राम अनन्दापुर लक्ष्मी नरायन पो. धौरेरा तहसील नवाबगंज, जिला बरेली के घोषाणात्मक वाद विधिक वारिस हेतु दायर किया है और दिनांक 28.02.2024 वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकर्रर की गई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि किसी को दरखास्त हाजा के निसवत कोई उजरा हो असालतन या वकालतन व तारीख 28.02.2024 को पेश होकर दरखास्त हाजा की निस्वत उजर पेश करें, दरसूरत इनकायें तारीख मुकर्रर कोई उजरा निस्वत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्त दिवस दरखास्त हाजा सादिर होगा। आज वतारीख 15.02.2024 मेरे दस्तखत व मोहर / अदालत से जारी किया गया।

आदेशानुसार मुंसरिम
न्यायालय अपर लघु वाद न्यायाधीश, बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत कमला पुरी कालोनी विकास खण्ड पलियाकलां खीरी

पत्रांक : मेमो/ | **निविदा सूचना** | दिनांक 17.02.2024

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत कमला पुरी कालोनी विकास खण्ड पलिया में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री इत्यादि की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मो से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनॉक 24.02.2024 को समय 12:00 बजे तक कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 12:30 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री
1.	P.W.D. रोड से राम औतार के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, मौरंग, लाल ईट
2.	रमेश के घर से प्रहलाद के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	

प्रधान | ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत बुद्ध नगर वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा 17-02-2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना/2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत बुद्धनगर वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 24.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि
1.	डबल पोल से पंचायत घर होते हुए होली चौक तक सीसी निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार
2.	प्राथमिक विद्यालय बुद्धनगर की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार
3.	छिबऊ खुर्द में राजू के घर से बुद्धनगर छिबऊ मार्ग तक खडन्जा निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार

सचिव | प्रधान

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान

पत्रांक : 4816/XXIII-टैक्स-2023-24 | दिनांक : 17.02.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जमील पुत्र श्री छंगे नि.मो. कटरा/शहबाजपुर, सहसवान द्वारा श्री लेखराज व भगवान दास पुत्रगण आशे व श्रीमती हरदेवी पत्नी श्री राम भरोसे निवासीगण मोहल्ला कटरा, सहसवान से एक प्लॉट जो निकट धोबी चौराहा मो. शहबाजपुर वार्ड सं. 16, सहसवान में स्थित है को दि. 19.10.2005 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था इस प्लॉट पर श्री जमील द्वारा अपने भवन का निर्माण करा लिया गया है। श्री जमील के द्वारा उपरोक्त भवन पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्री जाहिद खान पुत्र श्री रियासत खान नि.मो. कटरा, सहसवान द्वारा श्री हसमुद्दीन पुत्र श्री मकसुद्दीन नि.मो. कटरा, सहसवान से एक मकान जो कछला चौराहा की पूर्वी दिशा वार्ड सं. 02 सहसवान में स्थित है को दि. 05.01.2011 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। श्री जाहिद खान के द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्री शाकिर हुसैन पुत्र श्री ख्वाज बख्श नि.मो. पट्टी यकीन मोहम्मद, सहसवान द्वारा श्री मोहम्मद आलम पुत्र बाबू नि.मो. पट्टी यकीन मोहम्मद, सहसवान से एक प्लॉट जो राईन मस्जिद के सामने वार्ड सं. 24, सहसवान में स्थित है को दि. 10.04.2018 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। इस प्लॉट पर श्री शाकिर हुसैन द्वारा अपने मकान का निर्माण करा लिया गया है। श्री शाकिर हुसैन के द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किय गया है। श्रीमती फरहाना पत्नी स्व. श्री मुजाहिद नि.मो. चाहशीरी, सहसवान द्वारा श्री अरशद मियां पुत्र श्री महबूब हुसैन नि.मो. मिर्धाटोला, सहसवान से एक मकान जो मो. नवादा, डार्लिंग रोड, नारायण मैरिज हॉल के पीछे वार्ड सं. 08 सहसवान में स्थित है को दि. 29.01.2024 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। श्रीमती फरहाना के द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती शाहजहाँ बेगम पत्नी श्री जाहिद खां नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान के पति स्व. श्री जाहिद खां द्वारा श्री दूल्हे खां पुत्र मेंहदी खां नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान से एक प्लॉट जो जामा मस्जिद मो. शहबाजपुर के पीछे, वार्ड संख्या 19, सहसवान में स्थित है को खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था, इस प्लॉट पर श्रीमती शाहजहाँ द्वारा अपने मकान का निर्माण करा लिया गया है। श्रीमती शाहजहाँ के द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र नगर पालिका में प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती वसीम बानो पत्नी श्री सबदर खाँ नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान के द्वारा श्री अब्दुल वकील पुत्र अब्दुल कदीर नि.मो. नवादा, सहसवान से एक प्लॉट जो मो. शहबाजपुर, नई बस्ती निकट गोपालगंज बरगद के पास, वार्ड संख्या 19 सहसवान में स्थित है को खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था इस प्लॉट पर श्रीमती वसीम बानो द्वारा अपने मकान का निर्माण करा लिया गया है। श्रीमती वसीम बानो के द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय बिक्री स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त सभी प्रार्थीगण वर्तमान में अपने इन्हीं भवनों में निवास भी कर रहे हैं।

उपरोक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवन पर जलकर-गृहकर की वसूली के उद्देश्य से करों का निर्धारण कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट : उपरोक्त भवनों पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली से है जिसका स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं है।

अतः आप सूचित हों।

क्रमांक	वार्ड की पुरानी संख्या	भूमि/भवन विक्रेता का नाम व पता	भूमि/भवन क्रेता का नाम व पता	संलग्न दस्तावेज
1	2	3	4	5
1.	16	श्री लेखराज व भगवान दास पुत्रगण आशे व श्रीमती हरदेवी पत्नी श्री राम भरोसे निवासीगण, मोहल्ला कटरा, सहसवान, जिला बदायूँ	श्री जमील पुत्र श्री छंगे नि.मो. शहबाजपुर सहसवान जिला बदायूँ	स्टाम्प
2.	02	श्री हसमुद्दीन पुत्र श्री मकसुद्दीन नि.मो. कटरा, सहसवान जिला बदायूँ	श्री जाहिद खान पुत्र श्री रियासत खान नि.मो. कटरा, सहसवान जिला बदायूँ	स्टाम्प
3.	24	श्री मोहम्मद आलम पुत्र श्री बाबू नि.मो. पट्टी यकीन मोहम्मद, सहसवान जिला बदायूँ	श्री शाकिर हुसैन पुत्र श्री ख्वाज बख्श नि.मो. पट्टी यकीन मोहम्मद, सहसवान	स्टाम्प
4.	08	श्री अरशद मियाँ पुत्र श्री महबूब हुसैन नि.मो. मिर्धाटोला, सहसवान	श्रीमती फरहाना पत्नी स्व. श्री मुजाहिद नि.मो. चाहशीरी, सहसवान।	स्टाम्प
5.	19	श्री दूल्हे खां पुत्र श्री मेंहदी खां नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान।	श्रीमती शाहजहाँ बेगम पत्नी श्री जाहिद खां नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान।	स्टाम्प
6.	19	श्री अब्दुल वकील पुत्र श्री अब्दुल कदीर नि.मो. नवादा, सहसवान।	श्रीमती वसीम बानो पत्नी श्री सबदर खां नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान।	स्टाम्प

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है,जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, "पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है,लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था,यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे,जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है,पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं,जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है,उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया,परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती,परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी,लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा,पुरस्कार पाने लगा,अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं,नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था,वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है,शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी,तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

दुनिया के महाकाव्य

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं,जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं,मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं,बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं,लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर,ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी,जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं,जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है,वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

जीवन का ऋण

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है,वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना,बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी,जल,अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन

पांचाल से निकाला प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

▸▸ सभी धर्मों की आस्था के केंद्र फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामह नगर नाम रखने का प्रस्ताव

अमृत विचार : पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है।

कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं।

उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी । श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट

सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह।

अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश- विदेश में घूम- घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

सार-संक्षेप

अखिलेश ने किया सवाल-लोगों को मुफ्त राशन क्यों

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया? अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम

अयोध्या, अमृत विचार : भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 मिनट विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शनिवार का दोपहर 12 बजे की आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया जाएगा। इस दौरान करीब 50 मिनट तक रामलला को विश्राम कराया गया। मंदिर का कपाट एक बजे के करीब फिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

अयोध्या, अमृत विचार : भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

जीबीसी-4 के लिए 37 विभागों में से 16 ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

बेसिक शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक लक्ष्य किया हासिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

16 विभागों से 4.5 लाख करोड़ का निवेश



जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4 .5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

मोहनलालगंज लोस सीट से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

पतियों के खिलाफ रिपोर्ट वैवाहिक संबंध में जहर घोलने के समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के अपराध हेतु दर्ज अलग-अलग रिपोर्ट का सामना कर रहे तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों के बीच के सच्चे प्रेम को कानून की कठोरता या राज्य की कार्यवाही के माध्यम से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, भले ही वे नाबालिग हों।

कई परिस्थितियों में न्याय के तराजू पर ऐसे मामलों को तौलना कठिन हो जाता है, क्योंकि यह गणितीय परिशुद्धता या सूत्रों या प्रमेयों के आधार पर कार्य नहीं करते हैं बल्कि तराजू के एक पलड़े में कानून होता है और दूसरी तरफ बच्चों, उनके माता-पिता और परिवारीजनों का संपूर्ण जीवन, खुशी, भविष्य होता है, लेकिन कई बार किशोर जोड़ों के खिलाफ राज्य/पुलिस की कार्यवाही को उचित ठहराने में कानून को रूढ़ियों से जूझना पड़ता है। ऐसे मामलों में जहां जोड़े विवाह में प्रवेश करते हैं, वहां उनके माता-पिता द्वारा पति/लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसी है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपहरण के आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए की। दरअसल कोर्ट के समक्ष तीन ऐसे याची थे, जिन पर शिकायतकर्ताओं की बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप है जबकि सभी मामलों में लड़के और लड़कियां पहले से सहमत थे और उनके बीच प्रेम संबंध था। इसके साथ लड़कियों ने भी अपने बयानों में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही अपना घर छोड़कर अपना जीवनसाथी चुना था।

रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरत नाट्यम की प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया।

करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम... की प्रस्तुति दी। अंतिम में उन्होंने भरत नाट्यम की विधा तिल्लाना की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। रामलला के दरबार में प्रस्तुति देकर हेमामालिनी अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में उनके सम्मुख नृत्य सेवा करने का अवसर मिला है। यह जीवन का परम सौभाग्य है। मैं राममंदिर के हर एक सेवक का धन्यवाद करती हूं। संयोजक यतींद्र मिश्र को रागोत्सव की परिकल्पना के लिए बधाई भी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र की ओर से अभिनंदन किया गया।

भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं हेमा मालिनी।

देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति : राहुल

एजेंसी

वाराणसी : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का। मीडिया को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदी जी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं दिखाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा कि नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा उत्तर प्रदेश से राजस्थान की ओर रुख करेगी। यह यात्रा पूर्व में मणिपुर से शुरू हुई है और मुंबई में समाप्त होगी। 6,700 किमी लंबी यात्रा 15 राज्यों से गुजरेगी।

राहुल के फोटाग्राफर को मिली अनुमति अंतिम क्षण में रद की

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान पार्टी के फोटोग्राफर को पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ जाने की अनुमति अंतिम क्षण में रद कर दी गई। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज सवेरे करीब 10 .30 बजे राहुल गांधी ने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और अभिषेक किया। पार्टी ने दावा किया कि अंतिम क्षण में मंदिर में जाने के लिए हमारे फोटोग्राफर को मिली अनुमति निरस्त कर दी गई। पार्टी ने कहा कि साढ़े तीन घंटे तक लगातार प्रयास करने पर भी फोटो उपलब्ध नहीं कराई गई। कांग्रेस ने कहा कि फिर कुछ 7 तस्वीरें भेजी गईं, जिनमें से एक भी दर्शन करने की नहीं हैं - जबकि मंदिर के फोटोग्राफर ने फोटो खींची थीं। पार्टी ने दावा किया कि यह राजनीति और चाटुकारिता नहीं ओछापन है।

वर्ग पहेली-346

बाएं से दाएं

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

ऊपर से नीचे

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



वर्ग पहेली - 345 का हल

1 रू	म	■	2 गे	■	3 लो
■	■	■	र	■	न
4 अ	ति	दु	स	ह	■
■	■	■	र	■	■
5 प	रो	प	का	र	■
प्	■	■	री	■	6 चा
7 पी	ना	■	■	■	रा

सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4		3			8		5	
		2						6
					1		4	
	2	6			4		9	
7								8
	3		2			7	1	
6			1			8		
2						4		
	5		6					1

सुडोकू - 62 का हल

9	1	2	4	7	6	3	8	5
7	6	5	9	8	3	4	1	2
3	8	4	2	5	1	6	7	9
2	9	6	8	3	7	5	4	1
1	4	3	5	6	2	7	9	8
5	7	8	1	9	4	2	6	3
6	5	1	7	2	8	9	3	4
8	2	7	3	4	9	1	5	6
4	3	9	6	1	5	8	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

वृष — आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

मिथुन — आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

कर्क — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

सिंह — आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

कन्या — आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

तुला — आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

धनु — आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मकर — आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

कुंभ — आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

मीन — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 10 .00
- अनाड़ी — रात : 07 .00

SONY MAX
- चक दे इंडिया — सुबह : 08 .37
- तारा वर्सेज बिलाल — रात : 09 .40

SONY PIX
- ए मैन कॉल्ड ओटो — सुबह : 10 .10
- 2012 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- क्यों! हो गया न — सुबह : 10 .30
- फ्लाइट — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- हम तुम्हारे हैं सनम — सुबह : 11 .36
- यह जवानी है दीवानी — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

सीधे ज्ञापन भेजने पर कर्मचारी को नहीं किया जा सकता बर्खास्त

उच्चतम न्यायालय ने बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की। छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा-एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किए जाने की सजा दी जाए। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत में तैनात कर दिया गया था। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी।

मोदी की यात्रा से पहले जम्मू में ड्रोन, उपकरणों के परिचालन पर पाबंदी

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 फरवरी को जम्मू यात्रा से पहले शनिवार को यहां ड्रोन और अन्य हवाई उपकरणों के परिचालन पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर ड्रोन, पैराग्लाइडर और रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमानों के परिचालन पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई है। अधिकारी ने बताया कि जम्मू के जिलाधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने संभावित सुरक्षा खतरों से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश 20 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत जिले के भीतर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमान के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

जैसलमेर में वायुसेना ने अभ्यास में किया क्षमताओं का प्रदर्शन

जोधपुर/नई दिल्ली। राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने ''आकाश से वज्रपात'' की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

अहमदाबाद। वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

एक नजर

दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

नई दिल्ली। दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

गुरुग्राम(हरियाणा)। गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

अपहरण, जबरन वसूली का मामला

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

दरभंगा में मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प, 10 से अधिक घायल

दरभंगा (बिहार), एजेंसी

लोगों में दहशत

- त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को निलंबित करने का आदेश जारी
- पुलिस का कहना-मामले में 40 लोग गिरफ्तार, दर्ज की गई है प्राथमिकी

बिहार में दरभंगा जिले के कुछ हिस्सों में देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान हुई झड़पों में 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिले में दो समुदाय के बीच हुई झड़प और पथराव के चलते लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं गृह विभाग ने शनिवार को एक परिपत्र जारी कर, दरभंगा जिले में विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए संदेश भेजने और त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को 19 फरवरी को दोपहर दो बजे तक निलंबित करने का निर्देश दिया।

परिपत्र में कहा गया है, ''कुछ असामाजिक तत्व लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करने एवं अफवाहें फैलाने के मकसद से आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं।

जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दरभंगा के बहेड़ा इलाके में शुक्रवार को देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया... इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को मामूली चोटें आई हैं। स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। बयान में बताया गया है कि पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और अब तक 40 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि 150 से अधिक नामजद और अज्ञात संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरभंगा के बिशनपुर और हायाघाट थाना क्षेत्रों में भी दो समुदायों के बीच मामूली झड़प हुई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को भागलपुर जिले के लोदीपुर इलाके में भी ऐसी घटना हुई थी और वहां की स्थिति को तुरंत काबू में कर लिया गया था।

सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1365, फॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी नई 3970 रुपये।

सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

एरिच ग्रुप ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

पुणे। एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,550
गिन्नी (प्रति नग)	47,350-47,550

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,800
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	727 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	63,900
चांदी आभूषण	73,500।

बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

- बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

- लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

खेल डायरी

भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप

बुसान (कोरिया), एजेंसी। भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

नागल हारे, रामकुमार-साकेत ने जीता खिताब में

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल शनिवार को बेंगलुरु ओपन के सेमीफाइनल में इटली के स्टेफानो नापोलिटानो से हार गए। इटली के खिलाडी के सामने रविवार को खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया के सेओंगचान होंग की चुनौती होगी। रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम जानवियर और कॉन्स्टेंटाइन कॉजमीन की जोड़ी को हराकर पुरुष युगल खिताब जीता। रामकुमार और साकेत के लिए यह लगातार दूसरा खिताब था। उन्होंने पिछले हफ्ते चेन्नई में खिताब जीता था। वहीं सेमीफाइनल से पहले नागल को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के लिए केएसएलटीए द्वारा सम्मानित किया गया और पांच लाख का चेक दिया गया।

तूर, ज्योति, हरमिलन को एशियाई खेलों में मिला स्वर्ण

तेहरान, एजेंसी। भारत के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर, फर्राटा धाविका ज्योति याराजी और लंबी दूरी की धाविका हरमिलन बैंस ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। तूर और ज्योति ने अपने-अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किए। तूर ने अपने दूसरे प्रयास में 19.72 मीटर के साथ नया राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड कायम किया। ज्योति ने महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ 8.12 सेकेंड में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़ में 4 मिनट 29.55 सेकेंड में स्वर्ण जीता। शैली सिंह और नयना जेम्स ने भी महिलाओं की लंबी कूद में क्रमशः 6.27 और 6.23 मीटर के साथ पांचवां और छठा स्थान पाया।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दी शिकस्ता

राउरकेला, एजेंसी। वंदना कटारिया के गोल की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को 1-0 से हराकर उलटफेर करने में सफल रही। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया की अग्रिम पंक्ति को गोल करने का मौका नहीं दिया। वंदना ने 34वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई जो मैच के आखिर तक बरकरार रहा। मौजूदा लीग में टीम की यह 7 मैचों में सिर्फ दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही भारत ने इस महीने की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में ऑस्ट्रेलिया से मिली 0-3 की हार की टीस को कुछ हद तक कम किया। भारतीय टीम को घरेलू चरण के अपने आखिरी मैच में रविवार को अमेरिका से भिड़ना है।

एफआईएच प्रो लीगः भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया

भुवनेश्वर, एजेंसी। गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

राजकोट, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की सांझेदारी की। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन को शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।

भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट	104	133	9/5
रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट	19	28	3/0
शुभमन गिल खेल रहे हैं	65	120	6/2
रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले	00	10	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	03	16	0/0

अतिरिक्त: 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

इंग्लैंड (पहली पारी) 319/10 (71.1 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	153	151	23/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट का जायसवाल बो बुमराह	18	31	2/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप	00	04	0/0
बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा	41	89	6/0
बेन फोक्स का रोहित बो सिराज	13	37	2/0
रेहान अहमद बो सिराज	06	13	1/0
टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा	09	17	2/0
मार्क वुड नाबाद	04	03	1/0
जेम्स एंडरसन बो सिराज	01	03	0/0

अतिरिक्त: 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस

राजकोट, एजेंसी। रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

दोहरा शतक जड़ने के बाद बल्ले को चूमते संजीत देसाई।

रणजी में दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रचा। उन्होंने अपने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे शतक का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेल के दूसरे दिन शनिवार को संजीत देसाई ने 202 और कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रन की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने 414 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

उत्तर प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी खेलने के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की अपनी पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 332 गेंदों पर 212 रनों की साझेदारी हुई। अमनदीप ने 151 गेंदों पर 114 रन 15 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच करा दिया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब सिद्दीकी के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौके और 4 छक्के की मदद से 202 रन बनाए। संजीत का इससे पहले उच्च स्कोर 67 रन था। संजीत की आक्रामक बल्लेबाजी पर उत्तर प्रदेश के गेंदबाज अंकुश लगाने में असफल रहे। उन्हें रोकने को उत्तर प्रदेश ने कई बार रणनीति बदली।

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार के 300 विकेट

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ कुमार प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेटों का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने अपने 70वें प्रथम श्रेणी मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। सौरभ के अलावा आकिब खान ने तीन, अटल बिहारी और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

तीन खिलाड़ियों के लौटने पर कप्तान से संभाली पारी

पहली पारी खेलने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत आज अच्छी नहीं रही। 40 रनों के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाज सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने बड़ी सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों उत्तर प्रदेश को 110 रनों तक ले गए। आज का खेल खत्म होने तक सौरभ कुमार 55 और नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने दो और आशीष चौहान ने एक विकेट लिया।

महिला टीम पहली बार फाइनल में

सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

भारतीय महिला टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने पहला युगल, अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

बॉलीवुड हलचल

कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

तेहरान। ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के .रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

लंदन। लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।

1000 करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

30 लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू



गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।

अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

अभी भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स

भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बुर्स है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

ईसी-मुख्य जज चुनाव धांधली में शामिल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुई गड़बड़ियों में शामिल थे।

रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।

चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की

पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।

थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा लोकतंत्र में संतुलन के लिए टकराव जरूरी

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।

इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना इजराइल का दायित्व

नई दिल्ली, एजेंसी

- जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में गाजा के हालात पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर

इजराइल-हमास युद्ध को लेकर दुनियाभर के कई राजनेता इसकी आलोचना कर रहे हैं। वहीं, इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर फिलिस्तीन मुद्दे के दो राष्ट्र समाधान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश अब न सिर्फ इसका समर्थन कर रहे हैं। बल्कि, इसे पहले कहीं ज्यादा जरूरी मान रहे हैं।

जयशंकर ने जर्मनी के म्यूनिख में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में एक सुरक्षा सम्मेलन में चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल पर हुए हमलों को आतंकवाद करार दिया। लेकिन, इजराइल की कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मानवीय कानून का पालन करना तेल अवीव की अंतर्राष्ट्रीय दायित्व है। जयशंकर ने कहा कि यह जरूरी है कि इजराइल को नागरिकों के हताहत होने को लेकर सावधान रहना चाहिए। भारत के स्टैंड को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कई पहलू हैं और मोटे तौर उन्हें चार बिंदुओं में बांटा जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट होना चाहिए इजराइल में जो हुआ वह आतंकवाद था।

हिमस्खलन की चेतावनी...

श्रीनगर : शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

काहिरा। लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

यूएनएससी में कब तक दवाई जाएगी 188 देशों की आवाज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएनएससी में बदलावों को लेकर कंबोज बोलीं -सुधारों के माध्यम से दूर की जाएं असमानताएं

भारत समेत दुनिया के कई देशों की लंबी समय से चल रही मांग के बाद भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों पर कोई भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। बदली हुई परिस्थितियों के बाद भी भारत की मांग को दशकों से अनसुना किया जा रहा है। एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से ही सभी स्थायी देशों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। भारत ने कहा कि 5 स्थायी देश कब तक 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करते रहेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करते हुए अपने एक बयान में कहा कि कितने लंबे समय तक 5 सदस्य देशों की इच्छा 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करती रहेगी। इसे निश्चित रूप से बदलना होगा।

भारत ने कहा कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र में समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ ऐतिहासिक रूप से अन्याय किया गया है और इसे तत्काल सही करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करके स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए और उसमें एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों को शामिल किया जाए।

चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।

धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।

विज्ञान लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।

शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध

कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।

कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।